CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 01-11-2026 22:31 Color:

नई दिल्ली > सोमवार, 12 जनवरी 2026 > पौष 23 शक संवत 1947 माघ कृष्ण नवमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 10 > पेज 14* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*वैकल्पिक खरीद पर ही लागू



विवेकानंद जयंती
(राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं)

# NBT नवभारत टाइम्स



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribetimesofindia.com पर जाएं।






WPL आज के मैच
रॉयल चैलेंजर्स vs यूपी वॉरियर्ज
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

NBT नवभारत टाइम्स Wealth
क्या आपने NBT Wealth लिया?
पर्सनल फाइनेंस की खबरें आपकी भाषा हिंदी में।
हर सोमवार पढ़ें NBT Wealth
सिर्फ 6 रुपये में
अपने वेंडर से संपर्क करें या 18001205474 पर भी कॉल कर सकते हैं।
NBT Wealth आपको कैसा लगता है, इसमें क्या पसंद आता है और क्या नहीं? क्या और चाहते हैं आप? ऐसे विषयों पर आप कॉल करके अपनी बात नोट करा सकते हैं। आपका संदेश संपादक तक पहुंच जाएगा।
कॉल करें 011-4978 0064 पर आज दिन में 11 से 12 बजे तक

# ईरान पर हमले की तैयारी?

## ट्रंप को बताया गया हमला कैसे किया जाए: रिपोर्ट | 'ईरान की आज़ादी' को इस्राइल से भी समर्थन | ईरान बोला, अटैक तो US-इस्राइल भी निशाना

■ एपी/एएफपी, दुबई/पेरिस

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को ईरान पर हमला करने के नए विकल्पों के बारे में बताया गया है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रंप ने अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है, लेकिन वे इस पर गंभीरता से सोच रहे हैं। इस्राइल के विदेश मंत्री ने रविवार को कहा कि वह ईरानी जनता के आजादी के संघर्ष का समर्थन करते हैं। ईरान की संसद के अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर उस पर हमला हुआ तो अमेरिकी सेना और इस्राइल निशाना बनेंगे।

**ईरान की राजधानी पर हमले का भी दिया गया है सुझाव**

न्यू यॉर्क टाइम्स के मुताबिक, आर्थिक परेशानियों के कारण ईरान में शुरू हुए प्रदर्शनों को सरकार की ओर से दबाने के जवाब में ट्रंप हमले की इजाजत दे सकते हैं। उन्हें कई तरह के विकल्प बताए गए हैं, जिनमें ईरान की राजधानी तेहरान के कुछ गैर-सैन्य ठिकानों पर हमला करना भी शामिल है। शनिवार को ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान आजादी की ओर देख रहा है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है!' ईरान के राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम संबोधन में रविवार को कहा कि दंगाइयों को समाज को बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। यह बयान उन्होंने सरकार के खिलाफ तेज हुए प्रदर्शनों के बाद पहली बार दिया। » पेज 10

Israel



विरोध की आवाज ईरान में इंटरनेट और फोन लाइन काट दी गई है। रविवार को भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

### ईरान के राष्ट्रपति ने की अपील, दंगाइयों से लोग दूर रहे

**अमेरिका-इस्राइल भड़का रहे दंगे: ईरान**

रॉयटर्स के अनुसार, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल ईरान में दंगे भड़काकर अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। ईरानी जनता दंगाइयों दूर रहे।



मसूद पेजेश्कियान

**ईरान की संसद में लगा US मुर्दाबाद का नारा**

यूरोन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में चल रहे प्रदर्शनों के समर्थन में कई यूरोपीय शहरों में रैलियां निकाली गईं। ईरान की संसद में अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सांसद आसन के पास पहुंच गए।


**हिंसा में 203 लोगों की जान गई: रिपोर्ट**

ईरान में विरोध प्रदर्शन रविवार को भी हुए। दो हफ्ते से जारी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 203 हो गई है। अमेरिका की एक मानवाधिकार संस्था के मुताबिक, 2,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है।

AP

**ग्रीनलैंड पर अटैक का ट्रंप ने मांगा प्लान**

ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर संभावित हमले के लिए अपनी स्पेशल फोर्स को योजना बनाने का आदेश दिया है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में वेनेजुएला पर हुए अमेरिकी हमले और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने की सफलता से उत्साहित हैं और इसी वजह से दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड पर जल्द कब्जा करने की तैयारी पर काम कर रहे हैं।



**क्यूबा को धमकी... 'बहुत देर न हो जाए'**

ट्रंप ने रविवार को क्यूबा को चेतावनी दी कि उसे डील करनी चाहिए, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वेनेजुएला से क्यूबा को मिलने वाला तेल और पैसा रोक दिया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'क्यूबा को अब कोई तेल या पैसा नहीं मिलेगा। मैं सुझाव देता हूं कि वह डील करे, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।'

पालम में 13 वर्षों के बाद सबसे कम तापमान

## दिल्ली-NCR में सीज़न की पहली शीतलहर का सितम, तापमान 2.9°C तक गिरा

PTI



ठंड और कोहरे भरी सुबह में कर्तव्य पथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली के** पालम में 13 साल बाद सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। रविवार को न्यूनतम तापमान महज 3 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम है। पिछले 13 वर्षों में पालम का तापमान जनवरी में इतना कम नहीं रहा। आया नगर में यह 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इस सीजन की यह पहली शीतलहर रही। सोमवार को आसमान साफ रहेगा। कई जगह शीतलहर की स्थिति रहेगी।

इससे पहले, कुछ जगहों पर दिन के समय शीतलहर की स्थिति रही थी। मगर, न्यूनतम तापमान के आधार पर यह पहली शीतलहर है। अगले दो दिन ठंड और अधिक बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राहत की बात यही है कि दिन के समय धूप अच्छी निकल रही है।

**दो दिन बाद प्रदूषण खराब स्तर पर पहुंचा**

**प्रदूषण का** स्तर दो दिन बाद बेहद खराब से कम होकर खराब स्तर पर पहुंचा है। अगले तीन दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रह सकता है। रविवार को दिल्ली का AQI 291 रहा। गाजियाबाद 283, गुरुग्राम का 280, फरीदाबाद 246 और नोएडा का 260 रहा।

**नोएडा के स्कूलों में 15 तक हुई छुट्टी**

**ठंड की** वजह से गौतमबुद्ध नगर में पहली से आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। गाजियाबाद में नर्सरी-पांचवीं क्लास तक स्कूल बंद रहेंगे। छठी से लेकर 12वीं तक के स्कूल 10:00 से 3:00 बजे तक चलेंगे।


### फटाफट खबरें

**फोन नियम सख्त करने का प्रस्ताव**

भारत सरकार ने स्मार्टफोन निर्माताओं से सोर्स कोड साझा करने और सॉफ्टवेयर में बदलाव की शर्तों का प्रस्ताव रखा है। 83 सुरक्षा मानकों में बड़े अपडेट की सूचना देना भी शामिल है। ऐपल और सैमसंग ने इसका विरोध किया है। सोर्स कोड वह भाषा है जिससे पता चलता है ऐप कैसे काम करेगा।

**हर की-पैड़ी पर पहचान जांच, विवाद**

हरिद्वार के हर की-पैड़ी ब्रह्मकुंड की मैनेजिंग बॉडी गंगा सभा ने घाटों पर दुकानदारों, मजदूरों और फेरीवालों की पहचान दस्तावेज जांचने की कार्रवाई की।



सभा ने कुंभ मेला क्षेत्र में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। रेड़ी लगाने वालों और भिक्षा मांगने वालों से हो रही पूछताछ से विवाद बढ़ रहा है।

**100 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार**

ग्रेटर नोएडा से दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है जो महंगे होटलों में सेमिनार कर 1500 से अधिक लोगों से करीब ₹100 करोड़ ठग चुके हैं। मास्टरमाइंड विनोद कुमार और विनय ठाकुर क्रिप्टो करेंसी में निवेश पर सात गुना मुनाफे का लालच देते थे। » फरीदाबाद टाइम्स

## भारत की चेतावनी पर X ने अश्लीलता पर मानी गलती

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्रालय की कड़ी चेतावनी के बाद एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने Grok AI से जुड़ी अश्लील सामग्री के मामले में अपनी गलती स्वीकार कर ली है और भारतीय कानूनों का पालन करने का भरोसा दिया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई के तहत अब तक करीब 3,500 आपत्तिजनक कंटेंट ब्लॉक किए गए हैं और 600 से अधिक खातों को हटा दिया गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब ग्रोक एआई पर आपत्तिजनक और बिना सहमति वाली यौन सामग्री को लेकर दुनिया भर की सरकारों का दबाव बढ़ रहा है। नियामक संस्थाएं एआई के दुरुपयोग को लेकर एक्स की कड़ी जांच कर रही हैं।

एक्स ने सरकार को सूचित किया है कि भविष्य में वह अपने मंच पर अश्लील तस्वीरों की अनुमति नहीं देगा। एक्स के सेफ्टी हैंडल ने भी स्पष्ट किया है कि अवैध सामग्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है।

**3,500 आपत्तिजनक कंटेंट ब्लॉक, 600 खाते हटाए गए**

AI Image



**केंद्र ने नोटिस जारी कर मांगा था जवाब**

**आईटी मंत्रालय** ने 2 जनवरी को Grok AI के जरिए अश्लील और यौन सामग्री के दुरुपयोग को लेकर एक्स को नोटिस जारी कर 72 घंटे में रिपोर्ट मांगी थी। सरकार ने साफ किया कि आईटी अधिनियम और नियमों का पालन अनिवार्य है। उल्लंघन की स्थिति में वैधानिक छूट समाप्त हो सकती है। ग्रोक एआई पर फर्जी खातों से महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाने के आरोप लगे हैं।

## क्रिप्टो यूजर्स की अब लाइव सेल्फी होगी ज़रूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: क्रिप्टोकरंसी के जरिए होने वाले फ्रॉड, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग पर रोक लगाने के लिए वित्त मंत्रालय की फाइनैंशल इंटेलिजेंस यूनिट ने कड़े नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत क्रिप्टो एक्सचेंजों को किसी भी नए यूजर को जोड़ते समय केवल फोटो अपलोड की बजाय लाइव सेल्फी लेना अनिवार्य होगा। यूजर को पलक झपकाने या सिर हिलाने जैसे संकेत देकर यह साबित करना होगा कि वह वास्तविक व्यक्ति है। नए नियमों के अनुसार, यूजर की भौगोलिक स्थिति भी दर्ज की जाएगी। PAN के अलावा पासपोर्ट, आधार या वोटर आईडी में से एक अतिरिक्त पहचान पत्र देना होगा। » पेज 10



**क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए कड़े किए गए नियम**

## PM बोले, सोमनाथ मंदिर के विरोधी अब भी मौजूद



पीएम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शौर्य यात्रा में शामिल हुए

कहा, तलवार की नोक पर दिल नहीं जीता जा सकता

विदेशी आक्रांताओं ने कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें कीं। लेकिन ना सोमनाथ नष्ट हुआ, ना भारत। -नरेन्द्र मोदी, पीएम

■ पीटीआई, सोमनाथ (गुजरात)

**पीएम नरेन्द्र** मोदी ने कहा कि आजादी के बाद गुजरात में सोमनाथ मंदिर को फिर से बनाने का विरोध करने वाली ताकतें अब भी सक्रिय हैं। भारत को उन्हें हराने के लिए सतर्क, एकजुट और शक्तिशाली बने रहने की जरूरत है। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में मौजूद ऐतिहासिक मंदिर पर हुए हमलों और इसके पुनर्निर्माण का जिक्र करते हुए मोदी ने रविवार को कहा कि लोगों का दिल तलवार की नोक पर कभी नहीं जीता जा सकता। आततायी अब इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है। सोमनाथ मंदिर पर हमले की शुरुआत सन् 1026 में महमूद गजनी से हुई। यह मुगल शासक औरंगजेब के हमलों तक जारी रहा। » पेज 5

**'कच्छ-सौराष्ट्र में निवेश का यही सही समय'**

**पीएम ने** राजकोट में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस : कच्छ-सौराष्ट्र और पांच दिवसीय बिजनेस एग्जिबिशन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कच्छ और सौराष्ट्र में निवेश का यही समय है, सही समय है।

### काम की खबरें


**नमो भारत-मेट्रो इंटरचेंज पर अब एक बार ही जांच**

**यात्रियों की** सुविधा को ध्यान में रखते हुए अशोक नगर में नमो भारत और दिल्ली मेट्रो के बीच इंटरचेंज करने वालों के लिए सिंगल-पॉइंट सिक्योरिटी चेकिंग की शुरुआत की गई है। अब न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन और ब्लू लाइन के न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को केवल एक बार ही सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। पहले इंटरचेंज के दौरान दो बार सिक्योरिटी चेक करानी पड़ती थी, जिससे समय और असुविधा बढ़ती थी।



**GDA ने घटाई ब्याज दर, होम लोन होगा सस्ता**

**गाजियाबाद डिवेलपमेंट** अथॉरिटी (GDA) प्रॉपर्टी के लिए ब्याज दरों में कटौती करेगा। अभी तक 10.50% सालाना ब्याज देना पड़ता था। अब उतना ही ब्याज लिया जाएगा जितना भारतीय स्टेट बैंक (SBI) लेता है। वर्तमान में SBI की होम लोन दरें लगभग 8.7% के आसपास है।



### हैपी मॉर्निंग

टीचर: बताओ विश्व का सबसे पुराना जीव कौन सा है?
पिंटू: सर, जेबरा
टीचर: वो कैसे?
पिंटू: वो ब्लैक एंड वाइट है ना...

## बर्खास्त IAS पूजा खेडकर के घर लूट, जांच

■ पीटीआई, पुणे: महाराष्ट्र की पुणे पुलिस ने पूर्व प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के उस आरोप की जांच शुरू कर दी है, जिसमें उन्होंने अपनी घरेलू सहायिका पर नशीली दवाएं देकर उन्हें और उनके माता-पिता को बेहोश किया और उन्हें बांधकर फोन और कुछ कीमती सामान चोरी करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, खेडकर ने कहा कि हाल ही में नियुक्त नेपाल की निवासी सहायिका फोन और कुछ कीमती सामान लेकर फरार हो गई। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।



पूजा खेडकर

## किंग कोहली का जलवा, भारत ने न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराया

AP



**भारत ने रविवार को** पहले वनडे मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। » पेज 8



■ भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने सर्वाधिक 93 रन बनाए, इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे तेजी से 28 हजार रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने।

### मौसम

अधिकतम तापमान 18.8°
4.8° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 5:44 सोमवार | सूर्योदय 7:15 मंगलवार
कश्मीर शीतलहर की चपेट में, शोपियां सबसे ठंडा स्थान।



43 साल थी उम्र दिल का दौरा पड़ने से दिल्ली में मौत, संगीत और मनोरंजन जगत में शोक की लहर

## नहीं रहे इंडियन आइडल विजेता प्रशांत तमांग

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**इंडियन आइडल** सीजन-3 के विजेता और हाल ही में वेब सीरीज पाताल लोक-2 में नजर आए गायक-अभिनेता प्रशांत तमांग का रविवार को निधन हो गया। वह 43 वर्ष के थे।

प्रशांत तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को दार्जिलिंग में हुआ था। वह नेपाली भाषी गोरखा परिवार से थे। उनके करीबी मित्र और गायक महेश सेवा के अनुसार, रविवार सुबह दिल्ली के जनकपुरी के घर में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। निधन की खबर सबसे पहले उनके मित्र राजेश घटानी ने सोशल मीडिया पर शेयर की। कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

File Photo



2007 में इंडियन आइडल-3 जीतकर राष्ट्रीय पहचान बनाई

2010 में उन्होंने अपना पहला ऐल्बम 'धन्यवाद' रिलीज किया था

**'बैटल ऑफ गलवान' में दिखाई देंगे तमांग**

**प्रशांत तमांग** अब सलमान खान अभिनीत आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में पर्दे पर दिखाई देंगे। यह 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। तमांग के परिवार में उनकी पत्नी मीरा थापा और चार वर्षीय बेटी आरिया तमांग है। वह सोशल मीडिया पर बेटी और पत्नी के वीडियो और तस्वीरें साझा करते थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 01-11-2026 22:11 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## आज है राष्ट्रीय युवा दिवस

आज के दिन भारत में हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। ये दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती भी है। स्वामी जी का मानना था कि युवाओं की ऊर्जा से ही देश का भविष्य बदल सकता है। भारत सरकार ने 1984 में इस दिन की घोषणा की थी। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी के आदर्शों और 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' जैसे विचारों के लिए प्रेरित करना है।



## भविष्य में बढ़ेगी युवाओं की भूमिका

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास होगी, जो काम, तकनीक और फैसलों में आगे रहेगी। युवा सिर्फ नौकरी नहीं करेंगे, बल्कि नौकरी देने वाले भी बनेंगे। भविष्य का भारत AI इंडिया बनेगा, जिसकी कमान युवा संभालेंगे। लीडरशिप दिल्ली-मुंबई से नहीं, गांव-गांव से निकलेगी। स्वच्छता, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण जैसे अभियानों में युवाओं की बड़ी भागीदारी रहेगी। युवा सिर्फ वोट नहीं देंगे, बल्कि नीतियां बनाने में हिस्सा लेंगे।



AI Images


# क्रिप्टो से जुड़ी KYC के लिए लाइव लोकेशन देना भी होगा ज़रूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिप्टोकरंसी के** जरिए फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए वित्त मंत्रालय की फाइनैंशल इंटेलिजेंस यूनिट ने कड़े नियम जारी किए हैं। क्रिप्टो एक्सचेंजों को किसी भी यूजर को जोड़ते समय नए नो योर कस्टमर नियमों के तहत उसकी लाइव सेल्फी अपने रिकॉर्ड पर लेनी होगी। यह भी दर्ज होगा कि यूजर भौगोलिक रूप से कहां मौजूद है। साथ ही, PAN के अलावा यूजर को एक और ID प्रूफ देना होगा। इसमें पासपोर्ट, आधार या वोटर ID का उपयोग हो सकता है। मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादियों के रुपये-पैसे पहुंचाने वाले नेटवर्क पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम जारी किए गए हैं।

> एक्सचेंज को यूजर PAN के साथ एक और ID लेना होगा

समय और IP एड्रेस के अलावा इसके लिए जगह का अक्षांश और देशांतर भी दर्ज किया जाएगा। वहीं, पेनी ड्रॉप मेथड के तहत 1 रुपये के ट्रांजैक्शन से पक्का किया जाएगा कि बैंक खाता एक्टिव है और यूजर का ही है। यूजर को अपनी पहचान के लिए PAN के अलावा पासपोर्ट, आधार या वोटर आईडी देनी होगी। साथ ही ईमेल और फोन नंबर पर OTP से वेरिफिकेशन होगा। लाइवलीनेस डिटेक्शन टेक्नोलॉजी के जरिए पक्का करना होगा कि रजिस्टर करने वाला क्लाइंट ही अकाउंट बनाने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।



AI Image

### ज्यादा रिस्क तो हर 6 महीने में KYC अपडेट

### क्लाइंट ID, पता, 5 साल के ट्रांजैक्शन को सेफ रखना होगा

**एक्सचेंजों को** 'ज्यादा रिस्क' वाले क्लाइंट्स का हर 6 महीने पर KYC अपडेट करना होगा। बाकियों के लिए यह काम साल में एक बार होगा। एक्सचेंजों से क्लाइंट ID, पता और कम से कम 5 साल के ट्रांजैक्शन की जानकारी सुरक्षित रखने को कहा गया है। अगर कोई जांच शुरू हो, तो ऐसी जानकारी जांच पूरी करने तक सुरक्षित रखनी होगी। हाई रिस्क वाले क्लाइंट्स की कैटिगरी में ऐसे लोग या इकाइयां हैं, जिनके संबंध टैक्स हेवन देशों से हैं। वैश्विक संस्था ने जिन लोगों और इकाइयों को ब्लैक लिस्ट में रखा है, वे भी हाई रिस्क कैटिगरी में होंगे।



### इनीशियल कॉइन या टोकन ऑफरिंग ज्यादा रिस्क वाला


**गाइडलाइंस में** इनीशियल कॉइन ऑफरिंग या इनीशियल टोकन ऑफरिंग को ज्यादा रिस्क वाला कहा गया है। इसमें आमतौर पर ब्लॉकचेन स्टार्टअप्स बिटकॉइन जैसी ज्यादा चलन वाली क्रिप्टोकरंसीज या स्थापित करंसी के बदले में पब्लिक को नए डिजिटल टोकन जारी करते हैं। गाइडलाइंस में कहा गया है कि इनमें मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनैंसिंग का जोखिम ज्यादा है। एनॉनिमिटी एनहांसिंग क्रिप्टो टोकन, टंबलर्स और मिक्सर्स को उनकी ओनरशिप, ओरिजिन या ट्रांजैक्शन वैल्यू छिपाने के लिए डिजाइन किया जाता है।

SPEED News

### नेपाल में राजशाही के समर्थकों ने राजा की




बहाली की मांग लेकर रविवार को काठमांडू में रैली निकाली। लोग राजा पृथ्वी नारायण शाह की प्रतिमा लेकर नारे लगाते दिखे।




### ऑस्ट्रेलिया में आग में 300 बिल्डिंग तबाह

हो गईं। 70 से ज्यादा विमान आग पर काबू पाने में जुटे हैं। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### पाकिस्तान के सिंध में हिंदू किसान की



गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद हिंदू समुदाय ने प्रदर्शन किया। आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट किया है।



### US सेना ने सीरिया में ISIS के ठिकानों पर

स्ट्राइक की है। दिसंबर में हुए हमले के जवाब में कार्रवाई हुई। यह अटैक 'ऑपरेशन हॉकआई' के तहत हुआ।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# प्रदर्शन के आगे झुका ईरान? राष्ट्रपति ने कहा- बात करेंगे

## पेज़ेश्कियान का ऐलान- लोगों की चिंताएं दूर करना हमारी जिम्मेदारी, लेकिन...

■ एपी/आईएएनएस, दुबई

**ईरान में** इन दिनों हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह खामेनेई के खिलाफ लोगों का गुस्सा देखने को मिल रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से आक्रोशित लोग रविवार को भी सड़कों पर दिखे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि सरकार प्रदर्शन कर रहे लोगों की बात सुनेगी, लेकिन कुछ दंगाई ऐसे भी हैं जो पूरे समाज को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।


> कुछ लोग समाज को नष्ट करने की कोशिश में: राष्ट्रपति

पेजेश्कियान ने कहा, 'लोगों की चिंताएं हैं, हमें उनके साथ बैठकर बात करनी चाहिए और अगर यह हमारी जिम्मेदारी है, तो उनकी समस्याओं को हल करना चाहिए। लेकिन उससे भी बड़ी जिम्मेदारी यह है कि हम कुछ दंगाइयों को पूरे समाज को बर्बाद करने की इजाजत न दें।' ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने रविवार को राष्ट्रपति का यह इंटरव्यू दिखाया। पहले कहा गया था कि यह शनिवार को प्रसारित होगा, लेकिन उस दिन इसे नहीं दिखाया गया। वहीं, ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने शनिवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनों में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को 'अल्लाह का शत्रु' माना जाएगा और इसके लिए मृत्युदंड का भी प्रावधान है। ईरान के सरकारी टेलीविजन की ओर से प्रसारित बयान में कहा गया है कि दंगाइयों की मदद करने वालों को भी इस आरोप का सामना करना पड़ेगा।





AP



PTI

**इस्तांबुल** में प्रदर्शन के दौरान ईरान के अपदस्थ शाह के बेटे रजा पहलवी की तस्वीर लिए लोग दिखे। वहीं, तेहरान में प्रदर्शन के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

### प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या 203

ईरान में पिछले 2 हफ्ते से जारी प्रदर्शन में रविवार तक 203 लोगों के मरने का दावा रायटर्स ने किया। वहीं, अमेरिकी मानवाधिकार संस्था ने कहा कि 116 लोग मारे गए हैं। प्रदर्शन के मद्देनजर ईरान में इंटरनेट और फोन लाइन काट दी गई है, जिससे प्रदर्शन का वास्तविक अनुमान लगाने में मुश्किल आ रही है। हालांकि, अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, 2,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### संसद में लगे US मुर्दाबाद के नारे

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबाफ ने कहा कि उन्होंने ईरानी हमले के संभावित लक्ष्यों की सूची में इस्राइल को भी शामिल किया है। कट्टरपंथी कालिबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरान की संसद में सांसद 'अमेरिका मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए आसन के समीप पहुंच गए। वहीं IRGC ने प्रदर्शनकारियों को हद में रहने की हिदायत दी है।

### 'ईरान आजादी चाहता है, US मदद को तैयार'

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पर कहा, 'ईरान आजादी चाहता है जो शायद उसने पहले कभी नहीं देखी थी। अमेरिका मदद के लिए तैयार है।' 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने बताया कि ट्रंप को ईरान पर हमले के लिए सैन्य विकल्प दिए गए थे लेकिन उन्होंने अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।



## US ने H-1B की फीस बढ़ाई, 1 मार्च से लागू

■ NBT रिपोर्ट




AI Image

**अमेरिकी नागरिकता** और इमिग्रेशन सर्विस (USCIS) ने H-1B वीजा समेत कई इमिग्रेशन कैटिगरी के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग फीस बढ़ाने का ऐलान किया है। नई दरें 1 मार्च से लागू होंगी और इस तारीख के बाद पोस्ट की गई सभी अर्जियों पर लागू होंगी। इसका सीधा असर भारतीय प्रोफेशनल्स और छात्रों पर पड़ेगा, क्योंकि वे H-1B, L-1, रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड और OPT श्रेणियों में बड़ी संख्या में आवेदन करते हैं। रेट बढ़ने के बाद H-1B समेत अधिकांश फॉर्म I-129 वीजा कैटिगरी के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग फीस 2,805 डॉलर से बढ़कर 2,965 डॉलर हो जाएगी। रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड के लिए फॉर्म I-140 की फीस भी इतनी ही होगी। छात्रों से जुड़े फॉर्म I-539 और रोजगार अनुमति से जुड़े फॉर्म I-765 की फीस में भी बढ़ोतरी की गई है।

## दुश्मन कहीं भी हो, ढूंढ लेगा भारत का सैटलाइट

■ पीटीआई, नई दिल्ली



File

**भारत की** अंतरिक्ष एजेंसी ISRO सोमवार को निगरानी रखने वाला एक सैटलाइट लॉन्च करेगी। इसका नाम अन्वेषा (Anvesha) या EOS-N1 है। इस सैटेलाइट को DRDO ने बनाया है। PSLV-C62 रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसे लॉन्च किया जाएगा।

> PSLV C62 रॉकेट से इसरो आज लॉन्च करेगा 'अन्वेषा'

यह सैटलाइट आसमान में भारत की एक और आंख बनेगा। दुश्मनों के छिपे वाहन, हथियार और सैनिकों को स्पेक्ट्रल सिग्नेचर से पहचानकर भारतीय सेना की मदद करेगा। ISRO के मुताबिक, लॉन्च व्हीकल और सैटेलाइट को जोड़ दिया गया है। सोमवार सुबह 10:18 बजे सैटलाइट की लॉन्चिंग होगी।

### मुख्य बातें

- मुख्य पेलोड EOS-N1 के अलावा, PSLV यूरोपीय डेमोस्ट्रेटर सैटलाइट समेत विदेशी एजेंसियों के 17 सैटलाइट भी ले जाएगा।
- अन्वेषा का इस्तेमाल पर्यावरण की निगरानी, संसाधनों का नक्शा बनाने, आपदा प्रबंधन में मदद करने और योजना बनाने में भी होगा।
- आसमान में भारत की एक और आंख के रूप में काम करेगा। PSLV-C62, पोलर सैटेलाइट लॉन्च वीकल का 64वां मिशन है।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. पृथ्वी की निगरानी में माहिर सैटलाइट को इसरो आज लॉन्च करेगा, इसका नाम क्या है?
A. वरुण B. चील C. अन्वेषा

2. जर्मनी के चांसलर का क्या नाम है, जो आज से भारत दौरे पर हैं?
A. फ्रेडरिक मर्ज
B. गेरहार्ड श्रोडर
C. एंजेला मर्केल

3. ईरान के राष्ट्रपति का क्या नाम है, जिन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत का संकेत दिया?
A. मसूद पेजेश्कियान
B. अली खामेनेई
C. इब्राहिम रईसी


4. अमेरिका ने H1-B के लिए प्रोसेसिंग फीस बढ़ाई है, यह इस साल कब से लागू होगी?
A. 1 अप्रैल B. 1 मार्च C. 30 जनवरी

5. ऑपरेशन हॉकआई के तहत किस देश की सेना ने सीरिया में ISIS को निशाना बनाया?
A. चीन B. ब्रिटेन C. अमेरिका

### कल के जवाब

A1 B. BNP A2 A. आदित्य-L1 A3 C. रजिओ मोर A4 C. रजा पहलवी A5 A. अफगानिस्तान

### लकी विनर्स



1. शिखा जायल, नजफगढ़, दिल्ली
2. वेदांशी, नई दिल्ली
3. वारिस अली खान, लखनऊ

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## सेफ्टी फीचर में दिक्कत से लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर मिलने में देरी

File



सेना और एयरफोर्स के पुराने चीता और चेतक हेलिकॉप्टर को करना है रिप्लेस

संसद की स्टैंडिंग कमिटी में भी उठ चुका है मुद्दा, एयरफोर्स को टी LCA-मार्क ट्रेनर का भी इंतजार

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इंडियन एयरफोर्स और आर्मी को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) से मिलने वाले लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (LUH) का इंतजार काफी लंबा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, LUH के सेफ्टी फीचर में जरूरी सुधार होना है, जिसकी वजह से इसमें लगातार देरी हो रही है। सिर्फ LUH ही नहीं, एयरफोर्स को अब तक LCA-मार्क1 जेट भी पूरे नहीं मिल पाए हैं। इसके पीछे भी सेफ्टी को वजह बताया जा रहा है। HAL से इस बारे में उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन HAL ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

इंडियन आर्मी और एयरफोर्स लेह और सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में सामान पहुंचाने और लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए चीता और चेतक हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल करती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कई चीता और चेतक हेलिकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुए हैं। इन्हें रिप्लेस करने की जरूरत कई सालों से बताई जा रही है लेकिन उन्हें रिप्लेस करना अब तक शुरू नहीं हुआ है। HAL लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर बना रहा है लेकिन इनमें लगातार देरी हो रही है।

> आर्मी के पास अभी 190 चीता, चेतक, चीतल हेलिकॉप्टर हैं

आर्मी एविएशन के पास अभी करीब 190 चीता, चेतक और चीतल हेलिकॉप्टर हैं। करीब 130 हेलिकॉप्टर 30 से 50 साल पुराने हैं। इन्हें रिप्लेस करने के लिए LUH की जरूरत है। LUH को 2021 में ही इनिशियल ऑपरेशनल क्लियरेंस (IOC) मिल गया था लेकिन तकनीकी दिक्कतों की वजह से ये अब तक आर्मी और एयरफोर्स की जरूरत पूरी करने लायक नहीं बन पाया है।

### अब तक मार्क-1 भी नहीं मिले पूरे

एयरफोर्स को अब तक मार्क-1 (यानी तेजस का पुराना वर्जन) भी पूरे नहीं मिल पाए हैं। एयरफोर्स ने 40 एलसीए-मार्क1 (तेजस) का ऑर्डर किया था। इसमें से कुल 38 तेजस एयरफोर्स को मिले हैं जिसमें 6 ट्रेनर हैं। दो ट्रेनर अब भी एयरफोर्स को नहीं मिल सके हैं। ये मसला 2023 में संसद की स्टैंडिंग कमिटी के सामने भी उठा था। तब भी एयरफोर्स की तरफ से बताया गया था कि '40 एलसीए काफी वक्त पहले ही मिल जाने चाहिए थे लेकिन अब भी इनमें से दो नहीं मिल पाए हैं'।

## मोदी और मर्त्स आज अहमदाबाद में करेंगे बातचीत

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स (Friedrich Merz) के बीच सोमवार को होने वाली बातचीत में व्यापार, निवेश, अहम टेक्नॉलजी और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना मुख्य एजेंडा रहेगा। मर्त्स की यह भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका की ओर से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए सैन्य ताकत के खुले इस्तेमाल जैसी घटना के कारण वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण है। ऐसे में दोनों नेता मौजूदा वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा कर सकते हैं।



## Apple CEO की तलाश? रेस में कौन ...

### 2011 से टिम कुक है CEO, कंपनी के सीनियर लीडर्स से बोले- अब थकने लगा हूं

■ NBT रिपोर्ट

**Apple के** मौजूदा CEO टिम कुक अब 65 साल के हो गए हैं। खबर है कि उन्होंने कंपनी के सीनियर लीडर्स से कहा है कि वह अब थोड़ा थकने लगे हैं और काम का बोझ कम करना चाहते हैं। TOI के मुताबिक, टिम कुक पूरी तरह रिटायर नहीं होंगे, बल्कि कंपनी के बोर्ड के चेयरमैन की भूमिका निभा सकते हैं। वह 2011 में स्टीव जॉब्स के पद छोड़ने के बाद से CEO हैं।

नए CEO की रेस में सबसे आगे नाम है जॉन टर्नस का। 50 साल के जॉन टर्नस Apple के हार्डवेयर प्रमुख हैं। जॉन टर्नस पिछले 24 साल से Apple में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत Mac की स्क्रीन डिजाइन करने से की थी और धीरे-धीरे पूरे हार्डवेयर डिविजन के हेड बने। जॉन टर्नस भी टिम कुक की तरह बहुत बारीकियों पर ध्यान देने वाले और शांत स्वभाव के माने जाते हैं। Apple के लिए सबसे अहम माने जाने वाले एशिया की सप्लाई चेन की उन्हें गहरी समझ है। टर्नस ने कई बड़े फैसले लिए हैं। जैसे 2018 में iPhone में LIDAR सेंसर जोड़ने का विचार आया था, लेकिन यह हर फोन में डालना महंगा पड़ता। तब टर्नस ने इसे सिर्फ प्रो मॉडल तक सीमित रखने की सलाह दी। उनका मानना था कि जो लोग प्रीमियम फोन लेते हैं, वे ज्यादा पैसे देने को तैयार होंगे।



टिम कुक बोर्ड चेयरमैन की भूमिका निभा सकते हैं। हार्डवेयर प्रमुख 50 साल के जॉन टर्नस CEO की रेस में सबसे आगे।

टिम कुक | जॉन टर्नस

### नए CEO के सामने क्या होंगी चुनौतियां

हालांकि सवाल यह भी है कि क्या Apple को अब एक अच्छे मैनेजर की जरूरत है या फिर किसी बड़े विजन वाले लीडर की। टिम कुक के दौर में Apple ने लगातार मुनाफा कमाया और हर साल तय समय पर नए प्रॉडक्ट आते रहे। नए CEO की रेस में और भी नाम हैं, जैसे सॉफ्टवेयर हेड क्रेग फेडरिगी, सर्विसेज चीफ एडी क्यू, मार्केटिंग हेड ग्रेग जोस्वियाक और रिटेल प्रमुख डिअर्ड्रे ओ'ब्रायन। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी, चीन पर फैक्ट्रियों की निर्भरता और AI के मामले में पीछे रह जाना, चुनौतियां होंगी।

**ICMR की स्टडी** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की स्टडी में बताया गया कि देरी की वजह से 30% मरीज हो जाते हैं अपंग

## स्ट्रोक के 38% मरीज 24 घंटे बाद पहुंच पाते हैं अस्पताल

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** किसी मरीज को स्ट्रोक आने के बाद देरी से अस्पताल पहुंचना भारत में एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) की स्टडी ने स्थिति की गंभीर तस्वीर पेश की है। इसके मुताबिक, स्ट्रोक के करीब 38% मरीज लक्षण शुरू होने के 24 घंटे बाद अस्पताल पहुंचते हैं, जिसका सीधा असर उनके इलाज और जान बचने की संभावना पर पड़ता है। नतीजा यह कि तीन महीने के भीतर 28% मरीजों की मौत हो जाती है और करीब 30% मरीज गंभीर रूप से अपंग हो जाते हैं। यह स्टडी देश के 30 बड़े अस्पतालों में भर्ती 34,792 स्ट्रोक मरीजों के डेटा पर आधारित है। स्टडी 7 जनवरी 2026 को इंटरनैशनल जर्नल ऑफ स्ट्रोक में प्रकाशित हुई है। इसके प्रमुख लेखक ICMR के नैशनल सेंटर फॉर डिजीज इन्फॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के डॉ. प्रशांत माथुर हैं।

AI Image



43,792 पर हुई यह स्टडी। ये मरीज देश के 30 बड़े अस्पतालों में भर्ती थे।

**हर सात में एक मरीज 45 साल से कम उम्र का:** स्टडी के मुताबिक, स्ट्रोक अब सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रही। हर सात में से एक मरीज 45 साल से कम उम्र का है। रिसर्च में सामने आया कि स्ट्रोक की सबसे बड़ी वजह हाई ब्लड प्रेशर है, जो करीब 75% मरीजों में पाया गया। इसके अलावा तंबाकू का सेवन और डायबिटीज भी बड़े जोखिम कारक हैं। स्ट्रोक के असर को कम करने के लिए शुरुआती साढ़े 4 घंटे बेहद अहम होते हैं।

### FAST फॉर्मूला

### लक्षण कैसे पहचानें और क्या करें...

डॉक्टरों के मुताबिक, जब भी स्ट्रोक के मुख्य लक्षण दिखें तो (FAST फॉर्मूला याद रखें)

- **F: Face (चेहरा):** चेहरा एक तरफ से टेढ़ा होना, मुस्कुराने में दिक्कत
- **A: Arm (हाथ):** हाथ या पैर में अचानक कमजोरी या सुन्नपन, हाथ उठाने में परेशानी
- **S: Speech (बोलने में दिक्कत):** बोली लड़खड़ाना, साफ बात न कर पाना या समझने में परेशानी
- **T: Time (समय):** ये लक्षण दिखते ही समय गंवाए बिना अस्पताल पहुंचें

### स्ट्रोक होने पर क्या करें

- एक मिनट भी बर्बाद न करें, तुरंत मरीज को नजदीकी बड़े अस्पताल ले जाएं
- एंबुलेंस बुलाएं, खुद दवा देने की कोशिश न करें
- मरीज को कुछ खिलाएं-पिलाएं नहीं
- लक्षण शुरू होने का सही समय डॉक्टर को जरूर बताएं
- बीपी, शुगर, हार्ट की बीमारी की जानकारी डॉक्टर को दें
- स्ट्रोक में शुरुआती 4.5 घंटे गोल्डन पीरियड होते हैं। इसी दौरान इलाज मिलने पर जान और दिमाग दोनों बच सकते हैं

# सांसद ने अंबाला से चलाया नमो शक्ति रथ

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : राज्य सांसद कार्तिकेय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू अभियान के तहत रविवार को अंबाला शहर के नया बांस क्षेत्र में नमो शक्ति रथ आपके द्वार अभियान शुरू किया।

कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि नमो शक्ति रथ केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं है, बल्कि यह दुनिया का सबसे बड़ा स्तन कैंसर जांच अभियान बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास है। इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं तक घर-द्वार पर स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध कराना, न केवल भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है। शर्मा ने कहा कि महिलाओं के कैंसर के खिलाफ यह लड़ाई केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक संवेदनशीलता और प्राथमिकताओं की भी परीक्षा है। सशक्त भारत की भावना के साथ नमो शक्ति रथ महिलाओं को भरोसे से जोड़ रहा है।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी को कुर्क कर सकती है ईडी

## विश्वविद्यालय के निर्माण में ब्लैकमनी लगने का शक

■ पीटीआई, चंडीगढ़

हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय परिसर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत कुर्क कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। ईडी इस बात की जांच कर रही है कि विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए धन कथित तौर पर अपराध की आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) से तो नहीं जुटाया गया था। ईडी का आरोप है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी ने खुद को यूजीसी मान्यता प्राप्त बताकर और एनएएसी मान्यता को लेकर गलत दावे कर छात्रों को गुमराह किया।

अल-फलाह समूह के चेयरमैन जव्वाद अहमद सिद्दीकी को नवंबर में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि इन शैक्षणिक संस्थानों के पास पढ़ाने के लिए आवश्यक वैध मान्यताएं नहीं थीं। इस मामले में पहचानी गई "अपराध की आय" (पीएमएलए के तहत अवैध धन) का एक हिस्सा फरीदाबाद के धौज इलाके में स्थित विश्वविद्यालय की विभिन्न इमारतों के निर्माण में लगाए जाने का संदेह है।

जांच पूरी होने के बाद, धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के रूप से कुर्क किया जाएगा, जो अपराध की आय से अर्जित या निर्मित पाई जाती है। छात्रों की पढ़ाई के हित में ही विश्वविद्यालय में उनकी शिक्षा बिना किसी रुकावट के जारी रहने दी जा सकती है।




अल-फलाह मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर धमाका किया था, जिसमें 15 मौतें हो गईं थीं।

- आरोप है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी ने खुद को यूजीसी मान्यता प्राप्त बताकर और एनएएसी मान्यता को लेकर गलत दावे कर छात्रों को गुमराह किया।
- कुर्की के बाद, सरकार की ओर से नियुक्त रिसीवर को अल-फलाह विश्वविद्यालय परिसर का प्रशासन सौंपा जा सकता है।

### 415.10 करोड़ की काली कमाई: ED

ईडी ने अदालत को बताया था कि विश्वविद्यालय और उसका नियंत्रक ट्रस्ट, सिद्दीकी के निर्देश पर, छात्रों और अभिभावकों को झूठी मान्यता और स्वीकृति के दावों के आधार पर "बेईमानी से" पैसे देने के लिए प्रेरित कर कम से कम 415.10 करोड़ रुपये की "अपराध की आय" अर्जित कर चुके। विश्वविद्यालय की भूमिका "व्हाइट-कॉलर" आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान सामने आई, जिसमें तीन डॉक्टरों सहित 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। है।

# बिजली की नई दरें तय करने की कवायद

## HERC ने तलब की रिपोर्ट



- फरवरी-मार्च में चार जिलों, गुरुग्राम, हिसार पानीपत और यमुनानगर में अतिरिक्त सार्वजनिक जन सुनवाई
- एचवीपीएन और एचपीजीसीएल की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा बिजली विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने आगामी वित्त वर्ष के लिए बिजली दरें तय करने से पहले राज्य की बिजली कंपनियों से व्यापक वित्तीय, तकनीकी और परिचालन संबंधी अतिरिक्त जानकारी मांगी है। आयोग ने रविवार को कहा कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) और हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन (एचपीजीसीएल) की टैरिफ याचिकाओं पर सुनवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, पारदर्शिता और विवेकपूर्ण निर्णय सुनिश्चित करने के लिए तथ्यों की आगे भी जांच आवश्यक है।

एचवीपीएन की सुनवाई के बाद आयोग ने प्रसारण कंपनियों को इसकी स्थापना काल से लिए गए विश्व बैंक ऋणों का ब्योरा देने का निर्देश दिया है, जिसमें ब्याज दरें, विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव और प्रभावी उधारी लागत शामिल हों। वित्त वर्ष 2026–27 में डिप्रिसिएशन (मूल्यह्रास) बढ़ाने का कारण स्पष्ट किया जाए। जिन परियोजनाओं पर अभी खर्च हो रहा है लेकिन वे पूरी नहीं हुई हैं, उनकी वर्तमान स्थिति बताई जाए। कौन-कौन सी परियोजनाएं कब तक पूरी होकर बैलेंस शीट में स्थायी संपत्ति के रूप में दर्ज होंगी। जो बची हुई आय फिलहाल इक्विटी में दिखाई जा रही है, उसे "कैपिटल रिजर्व" में डालने का प्रस्ताव है। महंगे या अधिक ब्याज वाले कर्ज को सस्ते या बेहतर शर्तों वाले कर्ज से बदलने की संभावना पर विचार किया जाए। यह एक वित्तीय समीक्षा/निर्देश है जिसमें भविष्य की लागत, संपत्ति निर्माण, लेखांकन व्यवस्था और कर्ज प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए स्पष्टीकरण और विकल्प मांगे गए हैं।

एचपीजीसीएल के मामले में आयोग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नियमित और संविदा कर्मचारियों की संख्या तथा लागत का विस्तृत ब्योरा मांगा है। इसके साथ ही कोयला सैंपलिंग एजेंसियों के विश्लेषण, पिछले तीन वर्षों में कोयले की गुणवत्ता संबंधी दावों, उत्पादन आंकड़ों की जानकारी तलब की गई है।


### पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात, पता अज्ञात जोकि दिनांक 09.01.2026 को जेप्टो स्टोर दामोदर पार्क दिलशाद गार्डन, दिल्ली के बाहर पड़ा हुआ मिला। इसके बाद शव को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस सन्दर्भ में DD No. 25A, दिनांक 09.01.2026 पुलिस थाना जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को जीटीबी अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया गया है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: अज्ञात, उम्र: 45 वर्ष, कद: 5'6", रंग: गेहुँआ, चेहरा: अंडाकार, शरीर: पतला, पहनावा: काले रंग की जैकेट और काले रंग का लोअर।

अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली
फोन: 011–22580946, 7065036031

DP/505/SHD/2026


# मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

■ NBT न्यूज, रोहतक



सरकार के मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जी राम जी करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान की शुरुआत की है। जिसके तहत रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोहतक के बापू पार्क में 5 घंटे तक विरोधस्वरूप उपवास रखा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा भी उपवास में शामिल हुए। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने गरीबों के पेट पर लात मारी है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के लक्ष्य पर कुठाराघात किया है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का सिर्फ नाम ही नहीं बदला बल्कि योजना ही बदल डाली। उन्होंने केंद्र सरकार पर दलितों व पिछड़ों के हक मारने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा से पिछड़ों व दलितों को लाभ होता था। कांग्रेस मनरेगा का प्रारूप बदलने का देश भर में विरोध कर रही है। कांग्रेस पार्टी सरकार को उसका फैसला बदलने पर मजबूर कर देगी। वहीं, कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा ने कहा कि बीजेपी को महात्मा गांधी के नाम से दिक्कत हो रही थी, जिस कारण मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने की साजिश रची गई। मनरेगा का 40 प्रतिशत बोझ राज्य पर डाल दिया।

# हरिद्वार में कार से रौंदा था, दो अरेस्ट

AI Image



■ भाषा, हरिद्वार : हरिद्वार में पार्किंग मैनेजर को गाड़ी से कुचलने के आरोप में हरियाणा के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पार्किंग फीस को लेकर हुए विवाद के बाद मैनेजर को गाड़ी से कुचलकर दो आरोपी फरार हो गए। पार्किंग मैनेजर को इस घटना में गंभीर चोटें आईं और उनका अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

सहदेव कुमार दीन दयाल उपाध्याय पार्किंग में काम करते थे। वह पार्किंग के निकास मार्ग पर खड़े थे। इस दौरान सोनीपत के रहने वाले विशाल कुमार और सूरज सिंह अपनी गाड़ी लेकर निकले। पार्किंग फीस को लेकर उनकी सहदेव कुमार से बहस हुई। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों युवकों ने बैरिकेड तोड़ दिया और सहदेव कुमार को अपनी गाड़ी से टक्कर मार दी। टक्कर से सहदेव कुमार को गंभीर चोटें आईं। सहदेव कुमार को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# नहर में मिला छात्रा का शव, हत्या का आरोप

■ NBT न्यूज, जींद : कुरुक्षेत्र से डिग्री लेकर घर लौट रही बीकॉम छात्रा का शव शनिवार की शाम को बड़नपुर गांव की नहर में नए पुल के पास मिला था। छात्रा की पहचान उचाना के गांव कालता निवासी सलोनी के रूप में हुई थी। घटना के बाद रविवार सुबह से ही परिजनों ने नागरिक अस्पताल नरवाना में धरना शुरू कर दिया और सलोनी की हत्या का आरोप लगाया। धरने को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिजनों के अनुसार सलोनी शुक्रवार को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में बीकॉम की डिग्री लेने के लिए घर से निकली थी। देर हो जाने के कारण वह अपनी बुआ के पास रुक गई। शनिवार सुबह उनकी बुआ ने उन्हें पिहोवा रेलवे स्टेशन से कुरुक्षेत्र से जींद आने वाली ट्रेन में बैठाया था। परिजनों ने कई बार फोन किया लेकिन सलोनी का फोन नहीं उठा। इसके बाद परिजनों ने बरसोला रेलवे स्टेशन पर जानकारी ली, जहां से उन्हें जींद रेलवे स्टेशन जाकर पता करने को कहा गया। बाद में सलोनी की डेड बॉडी नहर में मिली।

# हिसार में बाइकों की भिड़ंत, मौत, पांच लोग घायल

■ NBT न्यूज, हिसार : सिरसा जिले के खुइया मलकाना गांव के पास शनिवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान खुइया मलकाना निवासी कुलवंत सिंह के रूप में हुई है। वह मीठड़ी स्थित मिल्क प्लांट में पनीर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। हादसे में घायल हुए सभी युवक भी इसी मिल्क प्लांट में काम करते थे। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात को मीठड़ी मिल्क प्लांट से ड्यूटी खत्म कर कुलवंत सिंह अपने तीन साथियों समेत घर लौट रहे थे।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOULS
To book your ad logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Rates effective 5th June 2019

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 20 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727



### पूर्वोत्तर रेलवे
#### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबंधक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं.01, ई-निविदा सूचना सं: टेण्डर नं. "48-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "प्रोविजन फॉर द वर्क ऑफ अपग्रेडेशन ऑफ टॉइलेट इन नान एसी आईसीएफ कोचेज, क्वांटिटी-300 कोचेज फॉर जीकेपीएस अंडर पीएच-21 ऐज पर पिंक बुक आइटम नंबर 209/24-25 (514/2023-24) एंड एसोसिएटेड-वेंच", अनुमानित लागत(रू.में): ₹ 54,31,40,265/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 28,65,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे, दिनांक 07-02-2026, संविदा की अवधि: 18 मास।

• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य,
यूआईडीसीसीसी-121 यांत्रिक कारखाना,गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### उत्तर पश्चिम रेलवे
#### ई निविदा सूचना

ई निविदा सूचना संख्या 270 to 273-25-26, मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 30.01.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम व स्थान: (1) निविदा संख्या 270: सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन सरूपसर – श्रीगंगानगर – हनुमानगढ़ (केनाल लूपलाईन) खण्ड पर 23.466 टीकेएम टीबीआर (लूपलाईन) के संबंध में ऐन्सीलरी कार्य करना। अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 6943267.13, धरोहर राशि: Rs. 178900.00, (2) निविदा संख्या 271: सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन मंडल इंजीनियर/पूर्व के क्षेत्राधिकार में रोहतक भिवानी खण्ड पर विभिन्न ह्यूम पाईप क्रोसिंग के स्थान पर 1m x 1.2m साईज के आरसीसी बॉक्स का प्रावधान करना। अनुमानित लागत मूल्य: Rs.196677896.48, धरोहर राशि: Rs. 1133400.00, (3) निविदा संख्या 272: सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन गैंग हट, समपारों, गेज लॉज, स्टेशनों एवं सैक्शन में कार्यरत स्टेक के लिए पीने के पानी की आपूर्ति करना (24 माह के लिए). अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 6608904.81, धरोहर राशि: Rs. 132200.00, (3) निविदा संख्या 273: सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार में 24 माह के लिए विविध पी-वे कार्य करना, अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 30011357.37, धरोहर राशि: Rs. 300100.00, नोट: अन्य शर्तें रेलवे की वेब साईट वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।, पत्रांक: 580-W/TBR 23 466Tkm/SRPR-SGNR-HMH (CELL) / HMH-II/2025, दिनांक 09.01.2026

63-PM/26

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अन्य रिक्तियां
चालक

कमाओ दिन के Rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी बाइक चलाएं। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011-66801000

बिजनेस
बिजनेस प्रस्ताव

PREMIUM EUROPEAN COATING RESINS/ ADDITIVES
We can offer a diverse range of high-performance materials regularly at low prices, including:
- Waterborne Polyurethane Dispersions
- Acrylic Polyols
- Alkyds & Epoxies
- Functional Monomers & Crosslinkers

Please contact: Euro Exim Limited Manchester (UK) Email: sales@euroeximlimited.co.uk

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I, Narender Kumar Sharma S/o Gain Chand R/o S-315, First Floor, Panchsheel Park, New Delhi-110017 have changed my name to Narender Sharma for all purposes.

I, NOORAIN ZIA D/O Ahsan Ul Haq R/O G-58 Muradi Road Batla House Jamia Nagar Okhla South Delhi-110025 have changed my name to NOORIN ZIA for all future purpose.

I, Sonia, W/o Vasu Dev, born on 01/09/1978, resident of N/493, Chander Shekhar Azad Colony, Delhi-7, have changed my name to Sonia Kamra.

I Meena W/o Jagjeet Singh R/o 1387/13 Govind Puri Kalkaji New Delhi 19 change my name from Meena to Meena Mahey for all future purposes.

I Tabassum Malik w/o Mukhtyar Malik changing my name from Tabassum to Tabassum Malik

खोया एवं पाया

I, Bhupinder Singh, would like to inform you that my property document, namely the Possession Certificate has been misplaced. The details of the lost document are as under: Name of Allottee: Rajesh P. Shah -LR no. : 20631/2026 Document: Possession Certificate -Issued at the time of allotment of the property Property details: Flat no. 96 C, Rohit Apartment Plot 30 Sector 10 Dwarka New Delhi 110075

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

IT is informed to all that Acharya Narender Dev Co-Op House Building Society Gurgaon registration No.656(G) has been completed and allotments has been done to all the shareholders/Members. Therefor the society is being woumded /windedup from this Notice date 31st Dec. 2025

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS

बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल इलाज
पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज
(अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन स्वाला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952

SEXOLOGIST
DR. VIKRAM SABLOK
सबलोक फार्मेसी
चाँदनी चौक
फतेहपुरी (बीकानेर वाला के ऊपर)
ब्रांच- निकट लक्ष्मीनगर मेट्रो स्टेशन
9811195025
मिलते जुलते नाम से सावधान

निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा. आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज ▸भजनपुरा ▸छतरपुर
82, CDR Chowk, Chhatarpur Delhi
9817469817

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹ 955 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

BOOK YOUR EDUCATION ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact SPECIAL

Starting from 2 Crores & Above
- Secured
- Unsecured
- Take over Loan
- Project Loan
- NPA Resolution Assistance

Attractive Rate of Interest
EVER GREEN GLOBAL
DSA Agencies & Consultant - Welcome
7845074199
info@evergreenglobal.in
www.evergreenglobal.in

BOOK YOUR EDUCATION ADS
For booking please contact
Amit : 9811790649

PROPERTY FOCUS
TIMES interact

GLOBAL STANDARD GRADE- A LIGHT INDUSTRIAL/ DISTRIBUTION FACILITY AT BANGALORE FOR LEASE

SIZE & LOCATION
- Floor Area 240,000 sq.ft (Leasable 275,000 sq.ft)
- KIADB Narasapura Industrial Area, Bangalore
- On the Bangalore – Kolar - Chennai NH 75 highway

FEATURES
- Brand new Self- Contained & Immediately Available.
- 60 – foot –wide approach road.
- 375 KVA power with transformer & DG bay.
- Environmental Compliance , STP, Land scaping.
- Fire Protection System, FM2 grade Flooring, Offices, LED Lighting, & Provision for Solar.
- Truck Parking Spaces & Driver's Rest Room.

For details call / WhatsApp at + 91 9686126375

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL · PROPERTY · BUSINESS · RECRUITMENT, EDUCATION · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · SHOPPING · TENDER, PUBLIC NOTICE · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 01-11-2026 22:18 Color:



## डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर दंपती को स्कैमर ने भेजा था थाने

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर कैलाश : ग्रेटर कैलाश के एनआरआई डॉक्टर दंपती को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 14 करोड़ 85 लाख ऐंठने के बाद स्कैमर ने ही सलाह दी थी कि नजदीकी थाने जाकर सीज किए गए पैसों को रिलीज कराने का ऑर्डर ले लीजिए। इसके बाद 9 जनवरी को जैसे ही वे थाने पहुंचे तब अहसास हुआ कि उनके साथ बहुत बड़ा स्कैम हुआ है। 10 जनवरी को उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आईएफएसओ ने एफआईआर दर्ज की। जांच में पता चला कि दंपती ने डिजिटल अरेस्ट के दौरान अलग-अलग बैंक खातों से RTGS के जरिए पैसे ट्रांसफर किए थे। केनरा और दूसरे बैंक अकाउंट स्टेटमेंट में एंट्री दर्ज है। 8 ट्रांजैक्शन में 14 करोड़ 85 लाख रुपये वसूले गए। स्कैम की यह रकम Floresta Foundation नाम के अकाउंट में गई थी। यह घटना 24 दिसंबर 2025 से 9 जनवरी 2026 के बीच हुई। पुलिस को शुरुआती बयान से पता चला कि डॉ ओम तनेजा और इनकी पत्नी डॉ इंदिरा तनेजा ने करीब 48 साल तक अमेरिका में रहकर UN में सर्विस की। रिटायर होने के बाद साल 2016 में भारत आ गए।

**NRI डॉक्टर दंपती को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 14 करोड़ 85 लाख ऐंठे थे**

# कालकाजी में भीषण आग, पुलिस ने सात को बचाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


शनिवार रात रिहायशी इमारत की चौथी मंजिल पर लगी थी आग

**कालकाजी इलाके** में शनिवार रात एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई। आग और धुएं के बीच फंसे सात लोगों को दिल्ली पुलिस कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिसवालों ने लोकल लोगों की मदद से सभी को बाहर निकाला। इससे बड़ा हादसा टल गया। शनिवार रात करीब 10:39 बजे कालकाजी की एक रिहायशी इमारत में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 4 गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। उधर, हेड कॉन्स्टेबल भारत भूषण और कॉन्स्टेबल मनोज तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएचओ अनय कुमार, बीट स्टाफ हेड कॉन्स्टेबल भारत भूषण और कॉन्स्टेबल मनोज के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पता चला कि इमारत की चौथी मंजिल पर सात लोग फंसे हुए हैं। दोनों पुलिसकर्मी इमारत में घुसे और चौथी मंजिल पर फंसी बिमला (65), गिरीश (37), प्रतिभा (32), यशवी (12), शुभम (38) समेत दो अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने का आरोप

वहां रहने वाले टी. एस. कुमार ने बताया कि आग लगते ही लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी और एहतियात के तौर पर बिजली की सप्लाई भी कटवा दी गई। आरोप है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर देर से पहुंचीं। सकरी गलियों के कारण आग बुझाने में भी काफी दिक्कत आई। हालांकि, फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि पुलिस और लोगों लोगों ने समय रहते बचाव कार्य शुरू कर दिया।

## तुर्कमान गेट हिंसा मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**तुर्कमान गेट** इलाके में हुई पत्थरबाजी और हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान तुर्कमान गेट निवासी फहीम उर्फ शानू (30) और चांदनी महल निवासी मोहम्मद शहजाद (29) के तौर पर हुई है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तुर्कमान गेट के संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा ड्रोन से इलाके की निगरानी और सीसीटीवी मॉनिटरिंग की जा रही है। स्थिति शांतिपूर्ण है और पूरी तरह नियंत्रण में है। मामले की जांच जारी है। डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है और हिंसा, पत्थरबाजी और गलत सूचना फैलाने में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि हिंसा मामले के अलग-अलग 100 से अधिक वीडियो, सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया गया है। उसमें आरोपी बलवा करते या भागते हुए दिख रहे हैं। पुलिस उसके आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। करीब 200 लोग हिंसा में शामिल थे। 50 की पहचान कर ली गई है बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है**

6 जनवरी की रात दिल्ली के रामलीला मैदान क्षेत्र में स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान हालात हिंसक हो गए थे। इस दौरान उपद्रवियों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं, जिसमें इलाके के थाना प्रभारी सहित 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।






## NBT जन्मदिन मुबारक

### प्रियंका गांधी



प्रियंका गांधी का जन्म 12 जनवरी 1972 को दिल्ली में हुआ। वे कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और प्रमुख स्टार प्रचारक हैं। दशकों तक पर्दे के पीछे रणनीति बनाने के बाद, 2024 में वायनाड उपचुनाव से उन्होंने अपना पहला चुनाव लड़ा। दादी इंदिरा गांधी की छवि और प्रखर भाषण शैली के लिए वे जानी जाती हैं।

### अरुण गोविल



अरुण गोविल का जन्म 12 जनवरी 1958 को हुआ। उन्होंने 1977 में फिल्म 'पहेली' से करियर की शुरुआत की, लेकिन रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान राम के किरदार से वह देशभर में फेमस हुए। एक्टिंग करियर के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और 2024 में मेरठ से BJP सांसद चुने गए।

### अजय माकन



अजय माकन का जन्म 12 जनवरी 1964 को दिल्ली में हुआ। वे दिल्ली विधानसभा के सबसे युवा अध्यक्ष और केंद्र में खेल और आवास मंत्री रहे। 1993 से 2004 तक राजौरी गार्डन से दिल्ली विधानसभा में प्रतिनिधित्व करते रहे। दो बार लोकसभा सांसद रहने के बाद, फिलहाल कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य हैं।

### साक्षी तंवर




साक्षी तंवर का जन्म 12 जनवरी 1973 को राजस्थान के अलवर में हुआ। करियर की शुरुआत दूरदर्शन एंकर के तौर पर की। उन्होंने 'कहानी घर घर की' में पार्वती के किरदार से घर-घर में पहचान बनाई। 'बड़े अच्छे लगते हैं' और सुपरहिट फिल्म 'दंगल' में उनके अभिनय को काफी सराहा गया।

## इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अपसाइक्लिंग क्लोद्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभ की फाउंडर अनुभा नांबियार आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन रहेगा ट्रेंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते हैं और उनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।

NBT रंगमंच Club


अनुभा नांबियार, फाउंडर, ब्रैंड अनुभ

**तारीख:** 15 जनवरी 2026
**टाइम:** 3 बजे से 4 बजे
**वेन्यू:** टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
**फीस:** निःशुल्क

**इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +91 7003890071 पर फोन करें या वॉट्सऐप करें।**

## लूटपाट के लिए घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गाजीपुर इलाके में हथियार लेकर राहगीरों से लूटपाट के लिए घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह इलाके का घोषित बदमाश है। उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

## रैपिडो राइडर से बाइक लूटने वाले दो गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने गोविंदपुरी इलाके में चाकू की नोक पर हुई लूट की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है। आरोपियों की पहचान अली हुसैन (20) और शिवम (20) के रूप में हुई है। दोनों तुगलकाबाद एक्सटेंशन इलाके के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार 9 जनवरी की रात करीब 1:54 बजे गोविंदपुरी थाने को लूटपाट की सूचना मिली थी। कॉलर ने बताया कि तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित बाजार मोहल्ला के पास स्कूटी सवार दो युवकों ने चाकू दिखाकर उनकी बाइक लूट ली है। सूचना मिलते ही एसआई धर्मवीर मौके पर पहुंचे। वहां पीड़ित अकिब रजा मिले। उन्होंने बताया कि वह रैपिडो राइडर है। स्कूटी सवार दो युवकों ने उन्हें रोका और चाकू दिखाकर उनकी बाइक, मोबाइल और कैश लूट लिया।

## डॉग के भौंकने पर विवाद, युवक को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लक्ष्मी नगर इलाके में कुत्ते के भौंकने और हमला करने की कोशिश का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि इसका विरोध करने पर पड़ोसी ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर युवक की जमकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, 32 साल के चितरंजन कुमार अपने परिवार के साथ लक्ष्मी नगर में रहते हैं। चितरंजन ने बताया कि 7 जनवरी की रात करीब 11:30 बजे वह अपनी कार पार्क कर घर लौट रहे थे। तभी मेन मार्केट रोड, मंगल बाजार के पास उनकी मुलाकात विनय गुप्ता से हुई। वो अपने कुत्ते को लेकर आ रहा था। आरोप है कि विनय गुप्ता का कुत्ता अचानक भौंकने लगा और हमला करने की कोशिश करने लगा। इस पर चितरंजन ने कहा कि कुत्ते की रस्सी ठीक से पकड़कर रखनी चाहिए थी। इस बात पर विनय गुप्ता नाराज हो गया और धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा बोलोगे तो कुत्ते को छोड़ दूंगा। जब चितरंजन ने इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने 7 लोगों के साथ मिलकर पीटा।

**7 जनवरी की घटना, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

## चाकू मार लूटा था, 6 घंटे में चार गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सेंट्रल जिला के किशनगंज इलाके में एक युवक को चाकू मार कर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को मामला दर्ज होने के बाद 6 घंटे में डीबीजी रोड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई रकम और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

## स्कूटी हटाने को लेकर हुआ झगड़ा, चाचा-भतीजे पर हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इंदिरा पार्क इलाके में मकान के सामने खड़ी स्कूटी को हटाने के विवाद में चाचा-भतीजे पर लाठी-डंडे और नुकीले हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में दोनों चाचा-भतीजे का सिर फट गए। गंभीर हालत में दोनों को पुलिसवालों ने अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की पहचान ब्रजमोहन और राहुल के तौर पर हुई है। उनके बयान पर विवेक विहार पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**गंभीर हालत में दोनों घायलों को पुलिसवालों ने अस्पताल में भर्ती कराया**

## पुलिस कार्रवाई को सांप्रदायिक रंग देने का विरोध



■ NBT न्यूज, नूंह : पुलिस की कार्रवाई को सांप्रदायिक रंग देकर युवकों को उकसाने के प्रयास का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों ने विरोध किया है। दरअसल, तावडू के गांव निजामपुर से पकड़े गए एक फर्जी डॉक्टर परवेज और पुन्हाना से पकड़ी एक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हंसी खान की गिरफ्तारी को लेकर एक तथाकथित समाजसेवी ने सोशल मीडिया पर लिखते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। लिखा कि ये कार्रवाई में तेजी आरोपियों का नाम देखकर की गई। यह पोस्ट कई युवाओं ने शेयर किया। इस पर हिंदू संगठनों से जुड़े बीर पाल कालिया, धर्मवीर सैनी, खिलोनी राम शर्मा सहित अन्य ने विरोध जताया। कहा कि पुलिस कार्रवाई को सांप्रदायिक रंग देना गलत है। पुलिस अपराधियों को पकड़ती है तो कुछ लोग विरोध करते हैं, यह गलत है। पुलिस को ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने और इलाके में भाईचारा बनाए रखने की बात कही।

## बच्चों के बीच विवाद में मारपीट, बुजुर्ग की मौत

■ NBT न्यूज, नूंह

**पुन्हाना के** वॉर्ड-10 में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। अलाव के पास बैठने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया गया। दोनों तरफ से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे, इनमें एक बुजुर्ग की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण शहर में तनाव का माहौल बना हुआ है। इलाके में पुलिस बल मौजूद है। मृतक की पहचान जुले खान के रूप में हुई है। जुले खान की पत्नी ने बताया कि उनका बेटा सोहेल दुकान में सामान लेने गया था। वह वहां अलाव के पास रखी मूढ़ी पर बैठ गया। वहीं मौजूद एक युवक ने आपत्तिजनक शब्द कहे, इस पर बच्चों में कहासुनी हो गई। जब वे आरोपियों के घर विरोध करने पहुंचे तो मामला शांत हो गया। लेकिन, कुछ देर बाद करीब 15-20 लोग उनके घर पर आए और परिवार पर हमला कर दिया। हमले में जुले खान गंभीर घायल हुए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अनिल, अरुण सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है।

**अलाव के पास बैठने को लेकर शुरू हुआ था दो पक्षों में विवाद**

## रंजिश के चलते की फायरिंग, चार अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नूंह : रोजकामेव थाना एरिया के गांव हिलालपुर में रंजिश के चलते दो पक्षों में पथराव और फायरिंग हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। अमित निवासी हिलालपुर ने बताया कि उनके चाचा के घर पर रात 8:30 बजे उनके पड़ोसी चरण सिंह ने रंजिश के चलते गाली गलौज की। विरोध करने पर राहुल, रोहित, तेजस्वी सहित परिवार के अन्य लोगों को बुला लिया। इसके बाद उनपर पथराव किया। अवैध हथियारों से फायरिंग भी की। पुलिस के अनुसार चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर अरेस्ट कर लिया है।

**अवैध हथियारों से फायरिंग का आरोप**

## गली में सफाई को लेकर विवाद, एक शख्स की नाक कटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ डिस्ट्रिक्ट के मैदान गढ़ी में सफाई को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में 21 वर्षीय युवक की नाक काट दी गई। घायल युवक को गंभीर हालत में एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में नतिन (21) ने बताया कि वह परिवार के साथ मैदान गढ़ी में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार, 7 जनवरी की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह अपने पिता के साथ घर पर मौजूद थे। इसी दौरान नगर निगम का एक सफाई कर्मचारी नाले से निकले कीचड़ को साफ कर सामने के खाली प्लॉट में डाल रहा था। सफाई के लिए कर्मचारी ने उनके पिता से कस्सी मांगी थी। पिता ने कस्सी दे दी। इस बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने गाली-गलौज शुरू कर दी और आरोप लगाया कि मोहल्ले में गंदगी फैलाने के लिए पीड़ित और उसका परिवार जिम्मेदार है। पीड़ित का कहना है कि पड़ोसी ने बेटों से भी पिटवाया।

**मैदान गढ़ी एरिया में हुआ झगड़ा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

## दो चोरी का खुलासा, एक आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के लाजपत नगर थाना पुलिस ने चोरी की दो वारदात का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन आईफोन, तीन लैपटॉप, एक आईपैड और 25 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद सामान की कीमत लाखों रुपये में है।

पुलिस के अनुसार, 2 जनवरी को लाजपत नगर-1 स्थित सेंट्रल पार्क निवासी यशवर्धन सिंह चौहान ने ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह दोस्तों के साथ घर पर बर्थडे पार्टी मना रहे थे। देर रात पार्टी के बाद सभी सो गए। सुबह एक दोस्त के जल्दी निकलने के दौरान मेन दरवाजा खुला रह गया। करीब 10 बजे जब सभी जागे तो घर से मोबाइल फोन गायब मिले। जांच में सामने आया कि तीन आईफोन चोरी हुए हैं। इसी दौरान 5 जनवरी को लाजपत नगर-1 निवासी राकेश के घर भी चोरी हुई थी।

# मुठभेड़ के बाद हत्या के मामले में फरार इनामी सहित 4 अरेस्ट

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी



**इलाके में** शनिवार देर रात पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक ASI की छाती में गोली लग गई, हालांकि बुलेटप्रूफ जैकेट ने उनकी जान बचा ली। वहीं, पैरों में गोली लगने के बाद बदमाश गिर गए और पुलिस ने चार आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। इन्हें रेवाड़ी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

**ASI की छाती में लगी गोली, बुलेटप्रूफ जैकेट ने बचाई जान**

रविवार को DSP हैडक्वॉर्टर डॉ. रविंद्र सिंह ने प्रेसवार्ता में मामले की जानकारी दी। बताया कि शनिवार देर रात सूचना मिली कि हत्या के मामले में फरार गोकलगढ़ निवासी इनामी बदमाश हर्ष अपने साथी नीरज, रोहतक के विकास और जींद के रितिक के साथ बिना नंबर की कार में धारूहेड़ा से रेवाड़ी की ओर जा रहा है। CIA रेवाड़ी की टीम ने मसानी बैराज के पास नाकाबंदी की। बिना नंबर की स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। जौतपुरा-मीरपुर के कच्चे रास्ते पर पुलिस ने बदमाशों की कार को घेर लिया। इस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। एक गोली ASI अभय की छाती में लगी। बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी होने के कारण उनकी जान बच गई।

जवाबी फायरिंग में टीम ने हर्ष और विकास के पैर में गोली मार दी। इसके बाद उनके साथियों ने भी आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने चारों को अरेस्ट कर लिया। दो कट्टे, एक पिस्टल, एक मैगजीन, 4 कारतूस और कार बरामद की है। डीएसपी हैडक्वॉर्टर ने बताया कि हर्ष पर मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास आदि के 6 मामले दर्ज हैं। विकास पर लूट-डकैती आदि में 4, नीरज पर मारपीट व हत्या के दो और रितिक पर मारपीट का एक मामला दर्ज है। आरोपी हर्ष पर पुलिस ने 5 हजार रुपये का इनाम रखा था।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: cci Time: 01-11-2026 22:00 Color:




## विचार

सफलता अचानक नहीं मिलती। सही योजना, लगातार मेहनत और समय पर लिए गए फैसले ही व्यक्ति को लक्ष्य तक पहुंचाते हैं और उसे स्थायी सफलता दिलाते हैं। - चाणक्य

## कविता

### ऐ लड़की उड़..




ऐ लड़की उड़ उड़ और उड़ तेरे
पंख ना रुके दूर बहुत हो तुम ।
रास्ते में अंगारे हैं लेकिन
पेड़ों की शाखाओं में फूल हो तुम।
प्यार की उम्मीद से सोलह श्रृंगार
करके आई
मगर दहेज के नीचे दबी जा रही
हो तुम ।
हुक्का पी रहे हैं वो और बंधुआ
मजदूरी किए जा रही हो तुम।
कब समझेगा ये समाज बन जाता है
ये घर धुंधला आसमान अगर ना
हो तुम।
देखो तो कंधे से कंधा मिल रही हो
पर कुछ को एक आंख ना भा रही
हो तुम ।
इतने कष्ट फिर भी कदम न रोकना
क्योंकि आस पास दीए जला रही
हो तुम।
जाने कितने बरस बाद बरखा आई
जिस के साथ अब लौट रही
हो तुम।

-तनुश्री शर्मा, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

## उम्मीद का फैक्ट

### चावल की वैश्विक रेस में भारत आगे



*भारत ने चावल निर्यात के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। साल 2025 में भारत का चावल निर्यात 19.4% बढ़कर 21.55 मिलियन टन तक पहुंच गया।*

- भारत का चावल निर्यात पिछले साल के मुकाबले 19.4% बढ़ गया है।
- देश ने कुल 21.55 मिलियन टन चावल का निर्यात किया, जो इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है।
- आम लोगों द्वारा खाए जाने वाले नॉन-बासमती चावल के निर्यात में 25% की बड़ी बढ़त दर्ज हुई।
- खुशबूदार बासमती का निर्यात 8% बढ़कर 6.4 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।
- भारत अकेला इतना चावल निर्यात करता है, जितना थाईलैंड, वियतनाम और पाकिस्तान तीनों मिलकर भी नहीं कर पाते।

देश के मंदिरों में 19 वां मिकैनिकल हाथी है चेरुकुन्नू कार्तिकेयन


# पलकें झपकाएगा, सूंड से पानी भी छिड़केगा... रोबॉटिक हाथी की ग्रैंड एंट्री

Pritambhara.Prakash
@timesofindia.com

■ केरल के त्रिशूर जिले के श्री बाला सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में जब एक सुबह हवा में घंटियों की लय घुल जाती है और चंदन की महक बहने लगती है, तभी सामने से एक विशाल काया धीरे-धीरे हरकत में आती है। उसके बड़े कान धीरे-धीरे हिलते हैं, आंखें झपकती हैं, पूंछ लहराती है और सूंड से पानी की महीन बौछार निकलती है। यह है चेरुकुन्नू कार्तिकेयन - मंदिर का पहला रोबॉटिक हाथी।


अब इस मंदिर में अब पूजा और तमाम रस्में इसी हाथी के जरिए होंगी। चेरुकुन्नू कार्तिकेयन करीब तीन मीटर ऊंचा और लगभग 500 किलो वजनी है। इसे रबर, फाइबर, मेटल, मेश, फोम और स्टील से बनाया गया है। इसके अंदर लगे पांच मोटर सिर, कान, आंखें और पूंछ हिलाने के साथ-साथ सूंड उठाने और पानी छिड़कने में सक्षम हैं। बिजली से चलने वाला यह हाथी प्लग इन करने पर तुरंत काम करने लगता है और पहियों के सहारे मंदिर के भीतर आसानी से इधर-उधर ले जाया जा सकता है। इसके ऊपर चढ़ने की सुविधा भी है, जिससे बच्चे और श्रद्धालु इसके करीब जाकर इसे महसूस कर सकते हैं।

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने PETA इंडिया के साथ मिलकर रोबॉटिक हाथी को मंदिर को भेंट किया। भूमि ने कहा कि हर जीव को आजादी का अधिकार है। चेरुकुन्नू कार्तिकेयन के आने से मंदिर की परंपरा भी निभी और असली हाथियों को उनके प्राकृतिक घरों में रहने का मौका मिला, जिसके वे हकदार हैं।






**लोगों के बने फेवरेट:** PETA इंडिया की डायरेक्टर, एडवोकेसी प्रोजेक्ट्स, खुशबू गुप्ता ने बताया कि साल 2023 में मिकैनिकल हाथियों का इस्तेमाल शुरू किया गया। मंदिरों को यह 19वां रोबॉटिक हाथी मिला है। जो मंदिर ये हाथी अपनाते हैं, वे PETA के साथ एक समझौता करते हैं कि अब कभी असली हाथी नहीं रखेंगे, न ही किराए पर लेंगे।



कलाकार प्रशांत पुथुवेलिल और उनकी टीम अब तक 100 से भी अधिक मशीनी हाथी बना चुकी है

### करुणा और आस्था

केरल के कलाकार **प्रशांत पुथुवेलिल** और उनकी टीम अब तक 100 से अधिक मशीनी हाथी बना चुके हैं। ये हाथी पारंपरिक सोने जैसी पोशाक, फूलों की मालाएं और रंग-बिरंगी सजावट से सजे होते हैं। प्रशांत कहते हैं कि यह मिकैनिकल हाथी केवल मशीन नहीं, बल्कि करुणा, परंपरा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। असली हाथियों को अब तेज धूप, शोर और लंबी परेड का सामना नहीं करना पड़ता। पहले उन्हें घंटों भीड़ और आतिशबाजी में जकड़ा जाता था, जिससे खतरा बढ़ता था। अब मिकैनिकल हाथियों की वजह से पूजा और रस्में सुरक्षित हो गई हैं। हेरिटेज एनिमल टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले 15 साल में केरल में हाथियों के हमले में 526 मौतें हुईं। मिकैनिकल हाथियों ने असली हाथियों को आजादी और सुरक्षा दी है।

संतुलन का मंत्र | भारत के योग को दुनिया भर में फैला रहे हैं ये एक्सपर्ट

# सेहत की जंग में उम्मीद जगा रहे ग्लोबल योग गुरु

*योग सिर्फ सुबह में पार्क में की जाने वाली कसरत भर नहीं रहा। आज यह दुनिया के बड़े अस्पतालों में कई गंभीर बीमारियों के इलाज का अहम हिस्सा बन चुका है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'परंपरागत चिकित्सा शिखर सम्मेलन' में योग की इस वैश्विक ताकत की एक खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। 19 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के उन योग साधकों और संस्थाओं को 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार' से सम्मानित किया, जिन्होंने योग के जरिए दुनिया भर में लोगों की जिंदगियां बदली हैं। बता रहे हैं राजेश मिश्रा।*




### कैंसर के खिलाफ योग का इस्तेमाल

अमेरिका स्थित विल्मोट कैंसर इंस्टिट्यूट में सर्जरी और रेडिएशन की प्रोफेसर **डॉ. कैरन मस्टियन** कैंसर के मरीजों के इलाज में योग का इस्तेमाल कर रही हैं। उनका शोध कैंसर के इलाज के दौरान होने वाले साइड इफेक्ट्स और दर्द में योग की भूमिका पर आधारित है। डॉ. कैरन ने कहा कि, 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार मेरे उस शोध और कार्य की पहचान है, जिसमें कैंसर रोगियों के सहायक उपचार के रूप में योग का अध्ययन किया गया है। योग के साथ-साथ कई अन्य आयुष पद्धतियां भी कैंसर रोगियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं।'

### वैज्ञानिक इलाज को बनाया आधार

दक्षिण कोरिया के **प्रो. जियो लॉन्ग ली** ने योग को सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि विज्ञान से जोड़ा है। उन्होंने दक्षिण कोरिया में योग के जरिए प्रिवेंटिव हेल्थ (बीमारियों को होने से पहले रोकना) और थेरेप्यूटिक बेनिफिट्स (इलाज के फायदे) पर काम कर इसे डॉक्टरों के बीच भी लोकप्रिय बनाया है। प्रो. जियो लॉन्ग ली ने कहा, 'योग के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं कोरिया में योग के शिक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा।'






### डिप्रेशन के खिलाफ जंग

पीएम योग अवॉर्ड से सम्मानित मिस्र की **अमीरा अहमद फहमी इब्राहीम** ने पिछले 30 सालों में वहां की महिलाओं और युवाओं को डिप्रेशन और एन्जायटी से बाहर निकालने के लिए योग को 'जीवन पद्धति' के रूप में स्थापित किया है। अमीरा के मुताबिक, 'योग ने मेरा जीवन पूरी तरह बदल दिया। मेरी सोच, नींद, चलना-फिरना, सब कुछ। योग केवल अभ्यास नहीं, जीने की एक पद्धति है। यही संदेश मैं अपने विद्यार्थियों को देती हूं कि योग सबके लिए है। योग जीवन का आधार है और संतुलन ही योग का मूल भाव है।'

### हेल्थ सर्विस से योग को जोड़ा

पुरस्कार पाने वालों में शामिल ब्राजील के **मार्कस विनिसियस रोजो रोड्रिग्स** ने योग को पब्लिक हेल्थ सर्विस से जोड़ दिया है। हाई बीपी, डायबिटीज और मोटापे से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए योग का इस्तेमाल कर रहे हैं। यूके की संस्था 'द ब्रिटिश व्हील ऑफ योग' ने योग सिखाने के लिए कड़े सुरक्षा मानक और साइंटिफिक तरीके तैयार किए हैं, ताकि लोग बिना किसी चोट के डर इसे अपना सकें। क्रोएशिया के योगाचार्य व्लाइको मिसलेक ने कहा, पारंपरिक चिकित्सा के ज्ञान में भारत सर्वोत्तम स्थान है।



योग ने दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सद्भाव का रास्ता दिखाया है। ये सभी विजेता योग के प्रति अनुशासन और समर्पण की मिसाल हैं। इनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। *-नरेंद्र मोदी, पीएम*

भारत के नेतृत्व में योग वैश्विक जीवनशैली आंदोलन बन चुका है, जो सभी स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए संतुलित, टिकाऊ और समग्र समाधान पेश करता है। *-प्रतापराव जाधव, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय*


20 की उम्र में सेना को दिया आसमान का रक्षक


# स्टूडेंट्स ने बनाई चलती-फिरती लैब, जंग के मोर्चे पर ही तैयार कर देगी ड्रोन

Nirupa.Vatyam@timesgroup.com

■ **हैदराबाद :** बिट्स पिलानी हैदराबाद कैंपस के एक हॉस्टल रूम से शुरू हुए स्टार्टअप अवोलियन डायनेमिक्स ने भारत की ड्रोन युद्धक क्षमता बढ़ाई है। स्टार्टअप ने सेना के लिए चलती-फिरती मोबाइल ड्रोन लैब विकसित की, जो युद्ध के मोर्चे पर रहकर एक महीने में 100 से अधिक FPV ड्रोन तैयार कर सकती है। यह ड्रोन निगरानी और सामरिक ऑपरेशंस में अहम भूमिका निभाते हैं। महज 20 साल के दो छात्रों ने इसे 15-20 दिनों में तैयार कर सेना को सौंपा।

लैब फिलहाल जम्मू में पूरी तरह ऑपरेशनल है और सेना को उपयोग व निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया गया। यह यूनिट ट्रक के पीछे तैयार की गई है, जिसमें 3डी प्रिंटर, असेंबल इकाइयां और ग्राउंड स्टेशन हैं। अब सेना ड्रोन असेंबलिंग, मरम्मत और मिशन के लिए तुरंत तैयार रह सकती है।



- युद्ध के मोर्चे पर तैनात रहकर ही एक महीने में तैयार कर सकती है 100 से अधिक FPV ड्रोन
- महज 20 साल की उम्र के दो छात्रों ने 15 से 20 दिनों के भीतर तैयार कर लैब सेना को सौंपा

### सैनिक सीखते हैं ड्रोन असेंबल करना

स्टार्टअप ने जम्मू के रेजिमेंट परिसर में एक ड्रोन लैब बनाने में सेना की मदद की है। यहां उपकरणों का भंडारण, असेंबलिंग, प्रशिक्षण, रखरखाव किया जाता है। अवोलियन के सीईओ जयंत खत्री के अनुसार, यह लैब यूनिट के साथ मिलकर मजबूत व्यवस्था बनाती है। सीटीओ शौर्य चौधरी कहते हैं, इससे ड्रोन निर्माण सीधे सैनिकों के हाथों में आता है, वे खुद असेंबल और मेंटेन करना सीखकर युद्ध की जरूरत के अनुसार बदलाव कर सकते हैं।

### सेना ने भी दी शाबाशी

सेना की ओर से भेजे गए प्रशंसा पत्र में कहा गया है कि लैब ने गुणवत्ता और प्रदर्शन के मानकों को पूरा किया है, जिससे FPV ड्रोन की असेंबलिंग, सोल्डरिंग और प्रोग्रामिंग संभव हो पाई। कंपनी की पेशेवर कार्यशैली, तकनीकी दक्षता और प्रतिबद्धता की सराहना की गई है।

भूटानी लामाओं का ब्लैक हैट ड्रम डांस

# जब शांति की ताल पर थिरका बोधगया



PTI

बोधगया की पवित्र धरती पर भूटान मोनेस्ट्री में भूटानी लामाओं ने जब अपना पारंपरिक ब्लैक हैट ड्रम डांस किया, तब हर थाप, हर लय और हर घूमते कदम में विश्व शांति और खुशहाली की कामना की। आनंद का अद्भुत आह्वान।

इस थाने में लगती है बच्चों की क्लासरूम

# शाम 4 बजते ही जब 'कानून के हाथ' में डंडा नहीं, होती है चॉक

Amarjeet.Singh1
@timesofindia.com

■ **भोपाल :** हर रोज शाम 4 बजते ही रीवा के अमहिया पुलिस थाने का एक अलग नजारा देखने को मिलता है। अचानक से थाने में शांति छा जाती है। केस फाइलों की जगह पुलिसकर्मियों के हाथ में चॉक आ जाती है और उनकी भूमिका बदल जाती है। पुलिस की वर्दी में वह टीचर बन जाते हैं। 8 महीनों से कानून-व्यवस्था का यह ठिकाना एक क्लासरूम के रूप में भी काम कर रहा है, जहां पुलिस कर्मचारी अपने खर्च पर 100 से अधिक वंचित बच्चों को फ्री में पढ़ाते हैं। इस पहल ने डर को भरोसे में और अधिकार को उम्मीद में बदल दिया है।

अमहिया पुलिस थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि जो शुरुआत कुछ बच्चों को चादर बिछाकर पढ़ाने से हुई थी, उसने अब बड़ा रूप ले लिया है। अब यह जगह क्लास 1 से लेकर ऊपर की क्लास के करीब 100 स्टूडेंट्स और तीन टीचर्स वाली क्लास बन चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि जब वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे, तब से बच्चों को पढ़ाते थे। उनके अंदर बच्चों को पढ़ाने का विचार समाज को कुछ लौटाने और खाकी वर्दी से जुड़े डर को कम करने की इच्छा से पैदा हुआ। आमतौर पर लोग पुलिस से डरते हैं। जब बच्चे यहां पढ़ते हैं, तो वे और उनके माता-पिता पुलिस का एक अलग चेहरा देखते हैं। हमारे लिए थाने के भीतर बच्चों को पढ़ते देखना बहुत बड़ा तनाव दूर करने वाला अनुभव है। यह अस्थायी स्कूल पूरी तरह थाने के कर्मचारियों के योगदान से चलता है। अग्रवाल ने कहा, कि हम किसी से कोई भी आर्थिक मदद नहीं लेते।

उन्होंने बताया कि बच्चों को पढ़ाने वाले तीन टीचर्स में एक बुजुर्ग रिटायर्ड टीचर भी शामिल हैं। परिवार के छोड़े जाने के बाद वह पास के ही एक वृद्धाश्रम में रहते हैं। अग्रवाल ने बताया, वह रोज यहां पढ़ाने आते हैं। यहां तीन बैच में क्लास लगती है और इनमें ज्यादातर बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हैं।






पुलिसवाले 100 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को फ्री में पढ़ाते हैं, 8 महीनों से यह पुलिस थाना क्लासरूम के रूप में भी कर रहा काम

बेंगलुरु के राइडिंग क्लब्स ऐसे बना रहे सड़क पर नया परिवार

# अकेलेपन को 'ब्रेक' और दोस्ती को 'रफ्तार'

Mini.Thomas@timesofindia.com

■ **बेंगलुरु:** ड्राइविंग और बाइकिंग के शौकीन शहर को नए नजरिए से खोज रहे हैं। ब्रेकफास्ट ड्राइव और वीकेंड आउटिंग के जरिए ये न सिर्फ सफर का मजा ले रहे हैं, बल्कि अकेली होती शहरी जिंदगी में लोगों को आपस में जोड़ने का काम भी कर रहे हैं। ऐसे आयोजन लोगों को मिलने-जुलने का मौका दे रहे हैं।

**हर साल ग्रुप के साथ लंबी ड्राइव:** थार बेंगलुरु 4x4 क्लब हर साल खुद के खर्च पर उत्तर और पूर्वी भारत के लिए ड्राइविंग अभियान आयोजित करता है। इस क्लब को वासुदेव ने बनाया है। इस क्लब के लोगों ने ताजा यात्रा सितंबर-अक्टूबर में सियाचिन ग्लेशियर तक की थी। इस दौरान ग्रुप ने लेह, लद्दाख, स्पीति वैली और कश्मीर का सफर किया और उमलिंग ला समेत कई ऊंचे दर्रे पार किए। कुछ मेंबर बेंगलुरु से सियाचिन तक गाड़ी चलाकर गए और लौटे, जबकि कुछ ने चंडीगढ़ से ड्राइव शुरू की।

सियाचिन तक जाने के इस अभियान में 50 थार गाड़ियां और 100 से ज्यादा लोग शामिल थे। यह पूरा अभियान सेल्फ-फंडेड था। आयोजकों ने पहले ही ठहरने से जुड़ी व्यवस्थाएं तय की थीं। ट्रेल तय करने के साथ निजी जमीन मालिकों और वन विभाग से इजाजत भी ली गई।

क्लब नए लोगों के लिए फ्री ऑफ-रोडिंग वर्कशॉप भी कराता है। शनिवार रात ऑनलाइन थ्योरी सेशन होता है और रविवार सुबह ऑफ-रोड ट्रेल पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग। ग्रुप के करीब 700 से 800 मेंबर हैं। क्लब जिम्मेदार ऑफ-रोडिंग पर जोर देता है।






**खूबसूरत नजारे:** पैंगॉन्ग त्सो पर थार बेंगलुरु 4x4 क्लब, लद्दाख में इस ऊंचाई पर करीब 100 लोग ड्राइव कर पहुंचे

### अपार्टमेंट से शुरू हुआ रोडस्टर्स

हेब्बल के पास एलएंडटी रेन्ट्री बुलेवार्ड अपार्टमेंट में रोडस्टर्स क्लब के करीब 200 लोग वीकेंड ब्रेकफास्ट ड्राइव पर निकलते हैं। क्लब की मेंबर कीर्ति बताती हैं कि इसका मकसद पड़ोसियों को एक मजेदार कम्युनिटी में जोड़ना है। क्लब उन्हें बेंगलुरु, कर्नाटक और आसपास के राज्यों की सैर कराता है।





हमारा क्लब सिर्फ ब्रेकफास्ट ड्राइव तक सीमित नहीं। यहां अजनबी जाने-पहचाने चेहरे बन जाते हैं और ड्राइविंग का शौक सबको जोड़ता है। *-कीर्ति एस, मेंबर, द रोडस्टर्स क्लब*



सिक्किम की राइड 90 राइडर्स के साथ बेहद यादगार रही। अब हम नागपुर के पास पेंच नेशनल पार्क की आने वाली राइड को लेकर उत्साहित हैं। *-मनोहर जोशी, एडमिनिस्ट्रेटर, वर्सिस बेंगलुरु राइडर्स (VBR)*




# आक्रमणकारी इतिहास के पन्नों में सिमटे, सोमनाथ अब भी खड़ा: मोदी


PTI
प्रधानमंत्री ने रविवार को सोमनाथ में 'शौर्य यात्रा' में भाग लिया। इस दौरान, मोदी ने ढोल पर भी हाथ आजमाया।

■ पीटीआई, सोमनाथ (गुजरात)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर का इतिहास हमारे पूर्वजों की वीरता का गीत है। मंदिर पर बार बार हमला करने वाले आक्रमणकारी अब इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है। जैसे मंदिर को नष्ट करने की कोशिश की गई, उसी तरह विदेशी आक्रमणकारियों ने कई सदियों तक भारत को तबाह करने की कोशिश की, लेकिन न तो सोमनाथ झुका और न ही देश। मोदी ने कहा, 'आक्रमणकारी आते रहे और धर्म पर आतंकी हमले जारी रहे। लेकिन हर दौर में सोमनाथ का पुनर्निर्माण हुआ। विश्व इतिहास में इसकी तुलना करना मुश्किल है।'

> सोमनाथ का 1,000 वर्षों का इतिहास विजय और पुनर्निर्माण का है: पीएम मोदी

सोमनाथ पर अतीत में हुए हमलों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लोगों का दिल तलवार की नोक पर कभी नहीं जीता जा सकता। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमलों की शुरुआत 1026 में महमूद गजनी के हमले से हुई और 17वीं और 18वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगजेब के हमलों तक जारी रही। उन्होंने कहा कि महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने आक्रमण के दौरान मंदिर का स्वरूप बदलने की कोशिश भी की। लेकिन हर हमले के बाद मालवा की रानी अहिल्याबाई होलकर जैसे शिव भक्तों ने मंदिर का पुनर्निर्माण किया।

मोदी ने सोमनाथ में निकाली गई शौर्य यात्रा में भाग लिया। मोदी के हाथ में एक ढोल था, जिसे उन्होंने यात्रा की शुरुआत में थोड़ी देर बजाया और फिर सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया।

## 'इतिहास छुपाने को लिखी गई किताबें'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमले नफरत से प्रेरित थे, लेकिन इसे केवल लूटपाट के रूप में पेश करने की कोशिश की गई। मोदी ने कहा, धार्मिक उद्देश्य को छुपाने के लिए किताबें लिखी गईं, जिनमें इसे महज सामान्य लूटपाट के रूप में दर्शाया गया। अगर आक्रमण केवल लूटपाट के लिए होते, तो 1,000 साल पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही वे रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ के पवित्र देवता का अपमान किया गया। मंदिर के स्वरूप को ही बदलने के बार-बार प्रयास किए गए। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को लूट के लिए नष्ट किया गया था। नफरत, अत्याचार और आतंक का सच्चा इतिहास हमसे छुपाया गया। मोदी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने धर्म के प्रति सच्चे भाव रखता है, वह ऐसी चरमपंथी विचारधारा का समर्थन नहीं करेगा।

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में बोले PM

## 'कच्छ, सौराष्ट्र में निवेश का यही समय, सही समय है'

Suraj.Singh@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट के मारवाड़ी विश्वविद्यालय में 'विकसित गुजरात से विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने वाली 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस : कच्छ एवं सौराष्ट्र' और पांच दिवसीय बिजनेस एग्जिबिशन की शुरुआत की। इस दौरान देश और दुनिया से पहुंचे इन्वेस्टर्स से अपील की कि 'कच्छ और सौराष्ट्र में निवेश का यही समय है, सही समय है।'

मोदी ने गुजरात की बढ़ती औद्योगिक शक्ति और तकनीक प्रगति की भी तारीफ की। पीएम ने कहा कि स्क्रू ड्राइवर से लेकर रॉकेट तक के पार्ट्स राजकोट में बनते हैं। ये शहर मॉडर्न मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड पार्क बन रहा है, जो पैरिस से पांच गुना बड़ा है। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि आज महाजन, प्रजाजन और प्रशासन के सहयोग से गुजरात आगे बढ़ रहा है। देश के विकास का ग्रोथ इंजन गुजरात बना है। उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। गुजरात में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री लग रही है।

> पीएम ने कहा, राजकोट में बन रहे स्क्रू ड्राइवर से लेकर रॉकेट तक के पार्ट्स

**गुजरात में 7 लाख करोड़ का निवेश करेगा रिलायंस:** कॉन्फ्रेंस में बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस गुजरात में अगले पांच वर्षों में करीब 7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश उद्योग, तकनीक, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ और एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में होगा। इस निवेश से लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और भारत की आर्थिक ताकत और मजबूत होगी। कहा, जामनगर में देश का सबसे बड़ा AI रेडी डेटा सेंटर तैयार किया जा रहा है। इसका लक्ष्य हर भारतीय के लिए सस्ता और सुलभ AI उपलब्ध कराना है।

**कच्छ में 5 साल में अदाणी समूह भी करेगा बड़ा निवेश:** उद्यमी करण अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह अगले पांच वर्षों में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कहा, अगले 10 वर्षों में मुंद्रा में बंदरगाह क्षमता को भी दोगुना किया जाएगा।

**शांति स्थापना में मोदी की वैश्विक भूमिका: यूक्रेनी राजदूत**

कार्यक्रम में भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अब एक वैश्विक नेता बन चुके हैं जो दुनियाभर, खासकर यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## 11 साल बाद सरकार, इंडस्ट्री और ट्रेड यूनियन बैठेंगे साथ

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com


■ **नई दिल्ली:** देश के 29 श्रम कानूनों की जगह लेने वाले 4 लेबर कोड लागू कर चुका श्रम व रोजगार मंत्रालय जल्द ही मजदूर संघों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करने की तैयारी में है। यह कदम इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस (ILC) के तहत उठाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया, 'श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने ILC का आयोजन जल्द कराने के लिए निर्देश दिए हैं। संबंधित पक्षों से संपर्क किया जा रहा है। वर्करों और इंडस्ट्री के साथ विचार-विमर्श होगा। लेबर कोड और वेतन आयोग सहित मुद्दों पर चर्चा होगी।' सरकार ने लेबर कोड के ड्राफ्ट रूल्स 30 दिसंबर को प्री-पब्लिश करने के बाद प्रतिक्रिया लेने के लिए 45 दिनों का समय तय किया है।

> लेबर कोड के खिलाफ 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने 12 फरवरी को हड़ताल का ऐलान किया

हिंद मजदूर सभा के महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू ने NBT से कहा, 'भारत इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन का संस्थापक सदस्य है, लेकिन 2015 से ILC की बैठक नहीं बुलाई गई है। श्रम संघों से बात किए बिना 4 लेबर कोड लागू करने का ऐलान कर दिया गया।' RSS से संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने भी इसी महीने मांडविया से मिलकर ILC जल्द कराने की मांग उठाई थी।

## बजट में केंद्र से ज्यादा पैसा क्यों मांग रहे राज्य?

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लगातार दो तिमाहियों में हैंडसम GDP ग्रोथ के बाद हाल में केंद्र सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7.4% की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान दिया। इस बीच, राज्य कह रहे हैं कि उनकी कमाई घट रही है। आगामी आम बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ एक अहम बैठक में राज्यों ने कहा कि उन्हें विशेष मदद दी जाए। 22 सितंबर को GST दरें घटी थीं। SBI रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके चलते वित्त वर्ष में राज्यों और केंद्र का कुल लॉस 1.11 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है, लेकिन कम रेट के चलते उपभोग बढ़ने से नेट लॉस कम रहेगा। शनिवार को हुई प्री-बजट मीटिंग में विपक्ष शासित राज्यों ने यह मुद्दा उठाया। एक बड़ा मुद्दा सेस और सरचार्ज का भी है। राज्यों को केंद्र के टैक्स रेवेन्यू का 41% हिस्सा मिलता है, लेकिन सेस, सरचार्ज में उनका हिस्सा नहीं होता। राज्यों ने कहा, कुछ हिस्सा उन्हें दिया जाए। केंद्र की नई योजनाओं में राज्यों की बड़ी हिस्सेदारी, लोन सीमा बढ़ाने और प्राकृतिक आपदाओं के लिए विशेष पैकेज की मांग भी की गई। DBT स्कीमों पर बढ़ते खर्च से राज्यों के राजस्व घाटे और विकास कार्यों पर असर पड़ने की चिंता भी जताई गई।



नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । सोमवार, 12 जनवरी 2026

> शक्ति का अर्थ केवल कार्य करना नहीं, बल्कि मिलकर कार्य करना है।
> – हना आरेंट, जर्मन-अमेरिकी दार्शनिक

# टकराव टालना ज़रूरी

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र सरकार के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है। कुलपतियों की नियुक्ति से लेकर राज्यपाल की भूमिका और SIR तक, दोनों के बीच के मतभेद कई बार सामने आ चुके हैं। लेकिन, पॉलिटिकल कंसल्टिंग फर्म I-PAC और इसके प्रमुख प्रतीक जैन के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय के छापों की वजह से जो टकराव चल रहा है, उसने केंद्र और राज्य की एजेंसियों को भी आमने-सामने ला दिया है।

**एक-दूसरे पर आरोप ।** ईडी का आरोप है कि ममता ने कार्रवाई में बाधा डाली और बंगाल पुलिस उनकी सरकार के निर्देश पर मनी लॉन्ड्रिंग जांच को विफल करने का प्रयास कर रही है।


ममता सरकार बनाम ईडी

वहीं, ममता का आरोप है कि केंद्र सरकार अपनी एजेंसी से राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश में है और उसने छापे वाली जगह से सबूत नहीं, अपनी पार्टी के डॉक्युमेंट उठाए थे। ममता का कहना है कि वह सीएम नहीं, बल्कि TMC प्रमुख के तौर पर मौके पर पहुंची थीं। हालांकि यह भेद करना बहुत मुश्किल है कि वह कब पार्टी प्रमुख हैं और कब सरकार प्रमुख। क्या केवल TMC नेता के तौर पर पहुंचने पर साथ में पूरा प्रशासनिक अमला भी पहुंचता?

**राजनीतिक तनाव ।** जल्द ही यहां विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए शायद ही कोई पक्ष पीछे हटता दिखे। मगर इस तनाव से कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। I-PAC पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। बगैर जांच इसकी सचाई का पता नहीं चल सकता। वहीं, इन घटनाओं का असर अन्य जगहों पर भी दिखने लगा है। बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और BJP के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने अपने काफिले पर हमले का आरोप लगाया है, जिस पर गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी है।

**केंद्र बनाम राज्य ।** केंद्र और विपक्षी दलों वाले राज्यों के बीच अनबन का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन, बंगाल में अगर यह ज्यादा उग्र दिखता है, तो वजह है दोनों तरफ से ताकत बढ़ाने और नियंत्रण की कोशिश। साल 2018 में ममता सरकार ने CBI को राज्य में दी आम सहमति वापस ले ली थी। इसका मतलब कि अब एजेंसी को हर जांच से पहले बंगाल में विशेष अनुमति लेनी पड़ती है। तब से रिश्ते और कटु हो गए।

**सम्मान और सहयोग ।** चुनावी साल होने की वजह से दोनों तरफ से कुछ भी किया जाता है, तो उसका राजनीतिक पहलू जरूर खोजा जाएगा। संवैधानिक संस्थाओं के बीच इस तरह का संघर्ष किसी के हित में नहीं है। दोनों को एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान और सहयोग करना चाहिए।

## नश्तर

# आदर की अकुलाहट

**वह कॉलेज** के शीर्ष पद पर आसीन थे। एक तो शिक्षा विभाग, उस पर श्रेष्ठ छवि वाला कॉलेज, उस पर शीर्ष पद, फिर भी एक कमी उन्हें लगातार सालती। कोई उनकी इज्जत क्यों नहीं करता? इज्जत पाने के लिए वह इतने आकुल थे कि लड़के उन्हें आकुलाचार्य बुलाने लगे। बात उन तक पहुंची तो वह और आकुल हो उठे। उन्होंने एक युक्ति सोची। समाज के तमाम पढ़े-लिखे लोगों को बुलाया जाए और उनसे अपनी इज्जत करवाई जाए।


सौरभ श्रीवास्तव

कॉलेज के प्रेक्षागृह में गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था, हिंदी साहित्य में लेखक की इज्जत। वह सबसे पहले हॉल में पहुंचे। उनकी नजर लेखक की इज्जत पर अटक गई। हिंदी साहित्य से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं था, पर इज्जत तो उन्हें अपने लिए चाहिए थी। आयोजन समिति के लोगों ने लेखक को दे दी। उन्होंने एक विद्यार्थी से कह कर पोस्टर के इज्जत वाले हिस्से को ब्लेड से कटवा दिया। विद्यार्थी ने जैसे ही यह काम किया चार-पांच लेखक और कुछ सुनने वाले हॉल में आ गए। अब मंच पर पोस्टर लगा था, हिंदी साहित्य में लेखक की...। इज्जत तो हड़बड़ी में आकुलाचार्य ने विद्यार्थी से लेकर अपने कोट की जेब में रख ली थी। लेखकों को बुरा लगा, वे चुपचाप बाहर जाने लगे तो आकुलाचार्य बोले, 'रुकिए...रुकिए, इज्जत तो आपकी हमारी ही करनी है, इसलिए मैंने काटकर पहले ही रख ली।' एक लेखक बोले, 'इज्जत काटने से इज्जत नहीं मिलती।' 'तो कैसे मिलती है?' 'इज्जत, इज्जत देने से मिलती है।' लेखक ने जैसे ही कहा, उन्होंने अपने कोट की जेब से निकाल कर इज्जत उन्हें दे दी। लेखक को गुस्सा तो बहुत आया पर वह शांति से इज्जत लेकर बाहर चले गए। आकुलाचार्य कुछ समझ नहीं पा रहे थे, तब तक विद्यार्थी ने पोस्टर की ओर ध्यान दिलाया। हिंदी साहित्य में लेखक की...आगे क्या? थोड़ी देर सिर खुजाने के बाद उन्होंने कहा, 'लिख दो जरूरत।' विद्यार्थी ने पोस्टर पर चिप्पी लगाई और जरूरत लिखते हुए बुदबुदाया, 'ऐसे विषय रखवाएंगे तो कैसे इज्जत मिलेगी।



## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# भटकने का मतलब

**एक बार** स्वामी विवेकानंद राजस्थान के अलवर पहुंचे। वहां दीवान रामचंद्र ने उनके विचार सुने तो उन्हें महाराजा मंगल सिंह से मिलवाया। महाराज स्वामीजी से काफी प्रभावित हुए। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'स्वामीजी, आप इतने विद्वान हैं कि चाहें तो एक ही स्थान पर रहकर आराम से जीवन बिता सकते हैं। फिर आप भटकते क्यों हैं?' महाराज की यह बात सुनकर स्वामीजी ने शांत स्वर में पूछा, 'आप स्वयं एक राजा हैं। आपकी जिम्मेदारी अपनी प्रजा का कल्याण है, फिर आप शासन छोड़कर अंग्रेज अधिकारियों के साथ शिकार खेलने में इतना समय क्यों बिताते हैं?' दरबार में सन्नाटा छा गया। सभी को लगा महाराज क्रोधित हो जाएंगे। पर महाराज मुस्कराए और बोले, 'स्वामीजी, मुझे शिकार खेलना अच्छा लगता है।' स्वामीजी ने कुछ क्षण मौन रखा, फिर कहा, 'मुझे भी भटकना अच्छा लगता है। पर मेरे और आपके अच्छा लगने में एक अंतर है।' 'वह कैसे?' प्रश्न का जवाब देते हुए स्वामीजी बोले, 'आप केवल निजी खुशी के लिए भटकते हैं, जबकि मैं ऐसा भारत देखना चाहता हूं, जहां प्रेम, और समानता हो।' महाराज उनके चरणों में झुक गए और बोले, 'स्वामीजी, आपने मेरी आंखें खोल दीं।'


Subrata Dhar



## राजनीति में बेमेल गठबंधन नई बात नहीं, पर महाराष्ट्र ने सबको पीछे छोड़ा

# हमारी दोस्ती तो सत्ता के लिए है


**महाराष्ट्र में** BJP के कांग्रेस और AIMIM के साथ गठबंधन ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर लीं। बाद में तीनों दलों ने अपने-अपने तरीके से डैमेज कंट्रोल किया। फिर भी लगता है कि अंत में BJP फायदे में रही।


गंगाधर ढोबले

**परदे के पीछे ।** ये गठबंधन ठाणे जिले के अंबरनाथ और विदर्भ के अकोला जिले के अकोट नगर परिषदों में हुए थे। इन जगहों पर किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तो धुर वैचारिक विरोधियों ने हाथ मिला लिए। इन गठबंधनों को तोड़ने की औपचारिकता तीनों दलों ने पूरी कर ली है और घटना पर मानो पर्दा डाल दिया है, क्योंकि 15 जनवरी को 29 महानगर पालिकाओं के चुनाव होने हैं। लेकिन, परदे के पीछे अनौपचारिक खेल वैसा ही चल रहा है।

**गढ़ में सेंध ।** बात पहले दौर के 20 दिसंबर के चुनाव की है। अंबरनाथ नगर परिषद में कुल 59 सीटें हैं। यह इलाका एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। यहां राज्य में सत्तारूढ़ महायुती के तीनों घटक दल- एकनाथ शिंदे की शिवसेना, BJP और अजित पवार की NCP अपने बलबूते लड़े। बहुमत किसी को नहीं मिला। शिंदे सेना 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, पर 30 के बहुमत से 3 कम थी। BJP ने शिंदे सेना को सत्ता से दूर रखने के लिए साथी अजित पवार और कांग्रेस से गठजोड़ कर लिया। BJP की तेजश्री करंजुले नगराध्यक्ष चुनी गईं।

**उलटफेर जारी ।** पहले कांग्रेस के सभी नगरसेवकों ने BJP का कमल थामा और फिर शिंदे सेना ने अजित NCP के 4 नगरसेवकों को अपने साथ मिला लिया। दो निर्दलीय भी शिंदे सेना में चले गए और आंकड़ा बहुमत से ज्यादा 33 हो गया, जबकि BJP के पास 26 सीटें बची हैं। आगे भी यहां कुछ भी हो सकता है। अकोट नगर परिषद में भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। कुल 33 सीटों में से 11 BJP के पास हैं। अंबरनाथ में शिंदे सेना, अजित पवार, BJP एक-दूसरे के खिलाफ लड़े, लेकिन यहां वे एक हो गए। AIMIM भी आ गई। BJP की माया धुले नगराध्यक्ष चुनी गईं।


**महाराष्ट्र निकाय चुनाव**
- कई जगह पुराने गठबंधन टूटे, नए बने
- उद्धव और राज ठाकरे ने मिलाया हाथ
- अस्तित्व की लड़ाई में एक हुए दोनों पवार

**साथ आए परिवार ।** 29 महानगर पालिकाओं के होने वाले चुनाव में भी बेमेल गठबंधन हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि कौन किसके साथ है, इसका पता लगाना मुश्किल हो जाए। कहीं BJP के नेतृत्व वाली महायुती बिखर गई है तो कहीं कांग्रेसनीत महाविकास आघाड़ी टूट गई है। चित्र ऐसा है कि मित्र दल एक-दूसरे के विरोध में खड़े हैं तो परस्पर विरोधी अब मित्र बने हुए हैं। उद्धव और राज - दोनों ठाकरे एक हो गए हैं। अजित और शरद - दोनों पवार गलबहियां डाले हुए हैं। ठाकरे और पवार - दोनों ही राजनीतिक ब्रैंड अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस के नाम लेवा बहुत कम हैं।

**कहीं दोस्ती, कहीं दुश्मनी ।** मुंबई समेत ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, पिंपरी-चिंचवड, नागपुर, नासिक जैसी प्रमुख महापालिकाओं में ठाकरे बंधुओं का गठजोड़ है। पुणे, पिंपरी-चिंचवड के होमटर्फ पर अजित और शरद पवार साथ हैं। BJP मुंबई में शिंदे सेना और अजित की NCP के साथ है। ठाणे में शिंदे सेना और BJP का साथ है। पनवेल में BJP, शिंदे सेना, अजित और आठवले की RPI का गठजोड़ है। नवी मुंबई में शिंदे सेना और BJP अलग-अलग लड़ रहे हैं। नागपुर में BJP अकेले है, जबकि शिंदे सेना और अजित की NCP एक संग।

**सुविधा की राजनीति ।** कोल्हापुर में राज, उद्धव के साथ नहीं हैं। वहां उन्होंने कांग्रेस, शरद पवार और शेतकरी संघटना से दोस्ती कर ली है। यह केवल बानगी है, अन्य महानगर पालिकाओं में भी कमोबेश यही स्थिति है। गठबंधनों की जोड़तोड़ और नए बनते गठबंधनों का आधार वैचारिक नहीं है। मामला केवल सुविधा की राजनीति का है।

**निर्विरोध चर्चा में ।** कोई 66 नगरसेवक निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें सर्वाधिक 43 BJP के, 19 शिंदे सेना के और दो अजित पवार की NCP के हैं। यानी निर्विरोध जीतने वालों में सत्तारूढ़ महायुती के ही 64 उम्मीदवार हैं। गठजोड़, तोड़फोड़ की राजनीति किस तरह करवट बदल रही है, यह इससे साफ होगा।

**पुराना ट्रेंड ।** देश में बेमेल गठबंधन बनना नई बात नहीं। कांग्रेस के विरोध में 1967 में पहली बार ऐसे गठबंधनों का प्रयोग हुआ। जनसंघ (आज की BJP), मोरारजी देसाई की संगठन कांग्रेस, समाजवादी दल, CPI और CPM इसमें शामिल थे। इसका आधार साझा विचारधारा नहीं थी, उनकी साझा दुश्मन इंदिरा कांग्रेस थी। इससे बनी जनता पार्टी भी बाद में टूट गई। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है, राजनीतिक विचारधारा के प्रति निष्ठा हाशिए पर है और किसी भी तरह जीतकर सत्ता हथियाने वाली राजनीतिक मानसिकता हावी है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*


# समय के साथ दिमाग़ को भी बदलना पड़ता है

**कोई चीज** चली जाती है, पर उसकी आदत पीछे ही छूट जाती है। । दर्जन भर दिन गुजरे, पर तमाम लोगों के दिमाग से 2025 नहीं उतरा। उनकी बातों में बीते साल का जिक्र ऐसे आता है, जैसे वही मौजूदा हो। इसमें किसी की गलती भी नहीं - जिसे सीखते-जीते 365 दिन गुजरे, उसे 12 दिनों में कैसे भुलाया जाए!

नई चीजों के साथ तालमेल बैठाना अधिकतर मुश्किल ही होता है। और वैसे भी साल के बदलने से बस तारीखें ही नहीं, बहुत कुछ बदलता है - नए नियम, गाइडलाइंस, नए रेट। दिमाग को रिकैलिब्रेट करना पड़ता है इनके हिसाब से, लेकिन यही तो चुनौती है, जिसका जिक्र किया स्टीफन हॉकिंग ने, कि परिवर्तन के अनुकूल ढलने की क्षमता ही बुद्धिमत्ता है। इस बदलाव को अपनाने और उसके मुताबिक ढलने में भी आनंद है। नई व्यवस्था, नई तकनीक या नया नियम पहली नजर में बोझ लगता है - कि बेवजह की उलझन बढ़ गई। लेकिन, जैसे-जैसे हम उसे समझते हैं, वही चीज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाती है। जीवन इसी तरह अपनाने, बदलने और आगे बढ़ने का नाम है। जो बदलना ही है, उसे रोके रखने में ऊर्जा खपाने से फायदा नहीं। वही एनर्जी लगाई जा सकती है बदलाव को अपनाने में।

नई चीजों के साथ तालमेल बैठाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि हम समय के साथ चलते रहते हैं। जो लोग बदलाव को अपनाते हैं, वे पीछे नहीं छूटते। वे नई पीढ़ी से जुड़ते हैं, नई सोच को समझते हैं और खुद को अपडेट रखते हैं। इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है और जीवन में जड़ता नहीं आती।

AI Image


**जीवन आनंद**
शैलेंद्र पांडेय

बदलाव हमें धैर्य भी सिखाता है। हर नई चीज तुरंत समझ में नहीं आती, हर नियम तुरंत सहज नहीं लगता। लेकिन यही सीखने की प्रक्रिया हमें भीतर से मजबूत बनाती है। जब हम किसी नई चुनौती को पार कर लेते हैं, तो अपने आप पर भरोसा और गहरा होता है।

बदलाव से भागना आसान है, पर इसे अपनाना जीवन को सरल बनाता है। नई चीजों के साथ तालमेल बैठाने का आनंद इसी में है कि हम हर नए मोड़ पर खुद को थोड़ा और बेहतर पाते हैं। जीवन बहता रहता है, और जो उसके साथ बहना सीख लेता है, उसे सुकून और संतुलन मिलता है।

न केवल नए से काम चल सकता है और न केवल पुराने से। इन दोनों का तालमेल चाहिए जिंदगी में। पुराना अनुभव और नया ज्ञान मिलकर नया नजरिया देते हैं। इससे समझ बेहतर होती है और यह समझ कहती है कि नए के लिए हमेशा तैयार रहेंगे, तो मन में आशंका की जगह उत्सुकता होगी। खुश रहने के लिए सरप्राइज तो चाहिए ही।




# अधिक पैसा आराम दे सकता है, लेकिन शांति नहीं ला सकता

संजय कालिया

**कुछ दिन** पहले वृंदावन जाना हुआ। दर्शन के बाद एक विदेशी व्यक्ति से मुलाकात हुई। सहज जिज्ञासा में मैंने उनसे पूछा कि वह यहां क्यों आए हैं? उन्होंने मुस्कराकर कहा, 'मैं शांति की तलाश में आया हूं।' उनका यह सरल वाक्य मेरे मन में देर तक गूंजता रहा।

आज की तेज, प्रतिस्पर्धा भरी बेचैन दुनिया में हम जिन चीजों के पीछे भाग रहे हैं - धन, पद, प्रसिद्धि - वे हमें संतोष नहीं, केवल थकान देती हैं। भीतर कहीं एक खालीपन बना रहता है, जिसे भरने के लिए हम और अधिक पाने की कोशिश करते हैं। जबकि वास्तव में जिसे हम खोज रहे हैं, वह कोई वस्तु नहीं, बल्कि शांति है। यह शांति किसी दूर देश या तीर्थ में नहीं, हमारे अपने भीतर छिपी हुई है।


शांति तब शुरू होती है जब हम अपने विचारों के शोर को धीमा करना सीखते हैं। जब हम शिकायतों से दूर होकर जीवन को सादगी से देखने लगते हैं। दया का एक छोटा-सा भाव, मौन का एक क्षण, एक सच्ची प्रार्थना या एक कोमल मुस्कान - ये सब भीतर संतुलन और सामंजस्य को जन्म देते हैं। शांति धैर्य और करुणा की मिट्टी में बीज की तरह धीरे-धीरे अंकुरित होती है। लेकिन हम अक्सर मान लेते हैं कि बढ़िया घर, अधिक पैसा या बड़ी उपलब्धियां हमें शांति देंगी, लेकिन ये अधिक से अधिक हमें आराम दे सकती हैं, शांति नहीं। ध्यान, प्रार्थना, गहरी सांसें और मौन इस भीतर की यात्रा के विश्वसनीय साथी हैं। जैसे हवा थमने पर दीपक की लौ अधिक उजास देती है, वैसे ही जब मन के तूफान शांत होते हैं, तो आत्मा अपनी पूरी चमक से प्रकट होती है। जैसे बादलों के पीछे सूर्य हमेशा मौजूद रहता है, वैसे ही विचारों के कोलाहल के पीछे शांति पहले से रहती है।

AI Image



जब मन अपनी ही दौड़ से थककर रुकता है, तभी शांति का द्वार खुलता है। जब हम स्वयं को जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार करना सीखते हैं, तब जीवन बोझ नहीं रह जाता- वह एक सहज और शांत अनुभव बन जाता है।

## कांटे की बात




अखिलेश यादव, *सपा अध्यक्ष*

## डेटा Window

# ग्रीनलैंड से चीन पर निशाना साध रहे ट्रंप

डॉनल्ड ट्रंप हर हाल में ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाना चाहते हैं। वजह है रेयर अर्थ मिनरल्स की मौजूदगी, खनिज भंडार के सहारे चीन को टक्कर देना।




**15** लाख टन रेयर अर्थ मिनरल्स ग्रीनलैंड में

**04** लाख वर्ग किमी में 38 खनिजों के भंडार

**19** लाख टन का भंडार US में, पर जरूरत ज्यादा

**उत्पादन में कौन आगे** (हजार टन में)

| चीन | अमेरिका | म्यांमार | ऑस्ट्रेलिया | थाईलैंड+नाइजीरिया |
|---|---|---|---|---|
| 270 | 45 | 31 | 13 | 13 |

**ग्रीनलैंड का खजाना लुभा रहा है ट्रंप को**

**9.19** करोड़ टन का भंडार है पूरी दुनिया में

**3.90** लाख टन उत्पादन होता है हर साल

**नियोडाइमियम :** इलेक्ट्रिक वाहन
**फेल्डस्पार :** कांच व सिरेमिक
**ग्रेफाइट :** परमाणु रिएक्टर, लिथियम आयन बैटरी
**Molybdenum :** एयरोस्पेस, ऑटो
**प्लैटिनम ग्रुप मेटल्स :** ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा उपकरण
**टाइटेनियम :** स्पेस, सैन्य उपकरण
**रेनियम :** जेट इंजन, विमान, परमाणु ऊर्जा



**कहां कितना बड़ा भंडार** (भंडार लाख मीट्रिक टन में)

| देश | भंडार |
|---|---|
| चीन | 440 |
| ब्राजील | 210 |
| भारत | 69 |
| ऑस्ट्रेलिया | 57 |
| रूस | 38 |

**जनता जंक्शन** इरफान




# क्यों लगती है शराब की लत, क्या है इसका साइंस

मृत्युंजय राय

**भारत में** शराब की खपत साल 2000 से 2018 के बीच तेजी से बढ़ी। साल 2000 में जहां प्रति व्यक्ति शराब की खपत 2.3 लीटर थी, वह 2018 में बढ़कर 5.5 लीटर हो गई। भारत आज अल्कोहलिक ड्रिंक्स का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। यह बाजार करीब 35 बिलियन डॉलर का है।

2019 के एक सरकारी सर्वे में पता चला था कि 10-75 आयु वर्ग में हर सात में से एक भारतीय शराब पीता है। भारत में शराब की खपत बढ़ने की वजह आर्थिक तरक्की है। शहरीकरण भी एक कारण है। फिर बदलते लाइफस्टाइल ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। मगर इसके दुखद पहलू भी हैं। 2019 में भारत में शराब की वजह से 3.40 लाख लोगों की जानें गईं।


'Why We Drink Too Much: The Impact of Alcohol on Our Bodies and Culture' नाम की किताब में डॉक्टर चार्ल्स नोल्स ने बताया है कि शराब की लत क्यों पड़ती है और क्यों इसकी आदत छोड़ना आसान नहीं होता। इसे बताने के लिए उन्होंने निजी संदर्भों और पॉपुलर साइंस की मदद ली है। वह अपने बारे में लिखते हैं कि शराबखोरी की वजह से उनके वैवाहिक जीवन पर बुरा असर पड़ता चला गया। वह अच्छे पिता भी नहीं रहे थे। बुरी तरह शराब पीने से उन्हें खुद का अहसास तक नहीं रहता था और खुदकुशी के खयाल तक आने लगे थे।

निजी संदर्भों की वजह से यह किताब सिर्फ विषय के साइंटिफिक पहलुओं तक सीमित नहीं रह जाती। इस वजह से उनके लेखन में भावनात्मक पहलू भी जुड़ता है। इन संदर्भों को पढ़कर रीडर यह समझ सकता है कि शराब की लत कैसे किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर बुरा असर डालती है और यह घर के अंदर और बाहर तनाव का कारण बन जाती है। कैसे इसकी लत आपको खुद को तबाह करने की ओर ले जाती है।

चार्ल्स लिखते हैं कि शराब दुनिया का पसंदीदा ड्रग है। जश्न हो, सोशलाइजेशन हो या गम भुलाना हो, लोग इसका सहारा लेते हैं। इसलिए इससे होने वाले नुकसान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## विचार विंडो

AI Image



खैर, इस किताब में शराब छोड़ने का ज्ञान देने से चार्ल्स बचे हैं। यह बताने पर उनका अधिक जोर है कि इसका दिमाग और शरीर पर किस तरह से असर पड़ता है। वह यह भी बताते हैं कि अक्सर जो लोग सोशलाइजेशन के लिए शराब पीना शुरू करते हैं बाद में उन्हें इसकी आदत क्यों पड़ जाती है, क्यों शराब के बगैर उनका काम नहीं चलता।

उन्होंने यह भी बताया है कि क्यों कुछ लोगों को शराब पीने में आनंद आता है और क्यों कुछ लोग इसे बिल्कुल पसंद नहीं करते। किताब में यह लिखा गया है कि इसके पीछे जेनेटिक्स, माहौल और ओढ़ी हुई उम्मीदें होती हैं। चार्ल्स इसे समझाने के लिए न्यूरोसाइंस और epidemiology की मदद लेते हैं, लेकिन उन्होंने इसे ऐसी भाषा में लिखा है कि साइंस से अनजान रीडर भी इन्हें समझ सकें।

चार्ल्स ने किताब में पहले हुई रिसर्च का हवाला देते हुए बताया है कि जेनेटिक वेरिएंट्स का अल्कोहल मेटाबॉलिजम पर क्या असर होता है। फिर स्ट्रेस और सनसनी की चाहत किस तरह से शराब की इच्छा पैदा करते हैं। यानी जो लोग बहुत अधिक शराब पीते हैं, उसका कोई एक कारण नहीं होता। चार्ल्स यह भी बताते हैं कि किस तरह से मॉडर्न कल्चर शराबखोरी को बढ़ावा देता है, जैसे- दफ्तर के आयोजन हों या जश्न का कोई भी मौका। किताब में यह भी लिखा गया है कि किस तरह से विज्ञापन की दुनिया इसका लाभ उठाती है।

चार्ल्स शराब पर प्रतिबंध के हिमायती नहीं हैं। न ही वह 30 दिनों में शराब की लत से छुटकारा दिलाने का दावा करते हैं। हां, उन्होंने ऐसे तथ्य जरूर पेश किए हैं, जिन्हें पढ़कर रीडर खुद सोचने को मजबूर हो जाए कि शराब के साथ उसका रिश्ता कैसा है।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### बाहरी हस्तक्षेप गलत

यह पत्र 10 जनवरी को प्रकाशित संपादकीय 'डर से अमेरिका' से संबंधित है। बाहरी प्रतिबंध और हस्तक्षेप किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं होता है। इससे आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। ईरान की तरह भारत भी औपनिवेशिक शोषण झेल चुका है, इसलिए वह संप्रभुता और आत्मनिर्णय के महत्व को समझता है। इस बात को स्वीकार करना होगा कि अंतरराष्ट्रीय टकराव का बोझ देश की आम जनता पर पड़ना उचित नहीं है। समस्याओं का हल युद्ध या दबाव से नहीं, बल्कि संवाद और आंतरिक सुधार से निकालना बेहतर होता है। और भारत इसे बेहतर समझता है।
प्रभात अरोड़ा, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

### BMC चुनाव के लिए महायुति का मैनिफेस्टो जारी

# अवैध बांग्लादेशी, रोहिंग्या से मुंबई को मुक्त करने का वादा

Sanjay Hadkar



बीजेपी और शिंदे सेना ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया।

Brijesh.Tripathi
@timesofindia.com

■ **मुंबई :** बीएमसी में सत्ता हासिल करने के लिए जी-तोड़ प्रयास कर रही बीजेपी और शिंदे सेना ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। विधानसभा चुनाव की तरह बीएमसी चुनाव में भी महिलाओं और Gen-Z को लुभाने के लिए महायुति ने कई घोषणाएं की हैं।

इस दौरान फडणवीस ने मीडिया से कहा, 'हम मुंबई को बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं से मुक्त कराएंगे। आईआईटी की मदद से हम बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने के लिए एक एआई टूल विकसित करेंगे।'

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए एक खास स्मॉल इंडस्ट्री पॉलिसी की घोषणा की है। लाडली बहनों को छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन देने का वादा किया गया है। बेस्ट बस में महिलाओं को किराये में 50 प्रतिशत छूट और महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का भी वादा किया गया है।

महायुति के घोषणा पत्र में महिलाओं पर विशेष जोर दिया गया है। इसे मनसे और उद्धव सेना द्वारा हाउसमेड महिलाओं को 1500 रुपये महीने देने की घोषणा के तोड़ के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, युवाओं खासकर Gen-Z को अपने पक्ष में करने के लिए स्टार्टअप, इंटर्नशिप, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, इनोवेशन हब बनाने जैसी घोषणा की गई है।

महायुति के घोषणा पत्र में मुंबई को गड्ढा मुक्त करने, पाताल लोक प्रोजेक्ट के जरिए मुंबई में ट्रैफिक की समस्या से मुक्ति, झोपड़पट्टी मुक्त मुंबई का सपना, फेरीवाला नीति बनाने, मुंबई में 24 घंटे पानी की व्यवस्था, अब हर साल के बजाय 5 साल में 8 प्रतिशत बढ़ेगी पानी की दर, मुंबई को बाढ़ मुक्त करने पर्यावरण सुरक्षा के लिए 17000 करोड़ रुपये की व्यवस्था, बीएमसी स्कूलों में AI लैब्स, अस्पतालों में बेड बढ़ाने, कैंसर मरीजों के लिए स्पेशल व्यवस्था सहित कई अन्य लुभाने वादे महायुति के घोषणा पत्र में किए गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस संकल्प को तैयार करने के लिए पिछले 2 महीने में मुंबईकरों ने करीब 2.65 लाख सुझाव भेजे थे।

**मैनिफेस्टो की खास बातें**

- लघु उद्योग नीति लागू होगी।
- 2029 तक बेस्ट पूरी तरह इलेक्ट्रिक बसों पर चलेगी।
- बेस्ट बसों में महिलाओं को 50% की छूट मिलेगी।
- बेस्ट बसें 5000 से बढ़ाकर 10000 की जाएंगी।

# कांग्रेस से निष्कासित विधायक रेप के तीसरे केस में गया जेल

■ **भाषा, पतनमथिट्टा (केरल) :** कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकूटथिल को रविवार तड़के यौन उत्पीड़न के एक मामले में पलक्कड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

वहीं, केरल विधानसभा के अध्यक्ष ए. एन. शमसीर ने राहुल ममकूटथिल की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत देते हुए कहा कि उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही शुरू करने के बारे में कानूनी सलाह ली जाएगी। पुलिस के अनुसार, पतनमथिट्टा जिले की एक महिला द्वारा 8 जनवरी को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पलक्कड़ विधायक के खिलाफ यौन उत्पीड़न का तीसरा मामला हाल ही में दर्ज किया गया था। पीड़िता इस समय कनाडा में है और उसने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुलिस को अपना बयान दिया।

**आरोपी को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित करने के संकेत।**

# शुभेंदु की गाड़ी पर हमला, केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

■ **आईएएनएस, कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की गाड़ी पर हुए कथित हमले के बारे में रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद शुभेंदु अधिकारी के कार्यालय से हमले की वीडियो फुटेज मंत्रालय को भेजी गई है।

बीजेपी नेता के काफिले पर शनिवार देर शाम पश्चिम मिदनापुर जिले के चंद्रकोना में हमला हुआ, जब वह पुरुलिया जिले में एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कोलकाता लौट रहे थे। शुभेंदु ने दावा किया कि कुछ लोगों ने सड़क जाम कर दी। वे TMC के झंडे लिए थे। लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया गया।



शुभेंदु

**BJP का प्रदर्शन**

शुभेंदु अधिकारी पर कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा किए गए हमले के बाद बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।




**CUB**

## सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड

ऋण वसूली एवं प्रबंधन विभाग
प्रशासनिक कार्यालय: संख्या 24-बी, गांधी नगर, कुंभकोणम - 612 001. ईमेल आईडी: crmd@cityunionbank.in. फ़ोन: 0435-2432322, फ़ैक्स: 0435-2431746

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत निविदा-सह-नीलामी बिक्री सूचना**

कर्जदार/गारंटर नंबर 1) मैसर्स साई ओम कंप्यूटर्स, बेसमेंट फ्लोर, एससीओ नं.1, [illegible] कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइंस, [illegible] कॉम्प्लेक्स के सामने, गुरुग्राम, हरियाणा - 122001. नंबर 2) श्री सन्नी शर्मा, पुत्र श्री कृष्ण कुमार, मकान नंबर 445/2, ओबीसी बैंक के पास, आदर्श नगर, गुरुग्राम, हरियाणा -122001. नंबर 3) श्रीमती [illegible] शर्मा, पत्नी श्री सन्नी शर्मा, मकान नंबर 445/2, ओबीसी बैंक के पास, आदर्श नगर, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 द्वारा बैंक के 08-01-2026 तक रु. 76,89,115/- ([illegible]) की राशि, साथ ही 09-01-2026 से [illegible] की वसूली के लिए सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड के पास [illegible] बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 के तहत, सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत, निविदा-सह-सार्वजनिक नीलामी में बेची जाएगी।

**हमारे बैंक के पास बंधक अचल संपत्ति**

**अनुसूची - ए: (श्री सन्नी शर्मा, पुत्र श्री कृष्ण कुमार के स्वामित्व की संपत्ति)**

[illegible] मकान नंबर 162 और [illegible] नंबर 445A/2, [illegible] 100 वर्ग गज और [illegible] 1,800 वर्ग फुट, ओ.बी.सी. बैंक के पास, आदर्श नगर, गली नंबर 2, गुरुग्राम, [illegible] गुरुग्राम, हरियाणा की सीमाओं के अंदर स्थित। [illegible]

आरक्षित मूल्य: रु. 1,60,00,000/-
(रुपये एक करोड़ साठ लाख मात्र)

**नीलामी का विवरण**

| निविदा-सह-नीलामी बिक्री की तिथि | स्थान |
|---|---|
| 20-02-2026 | सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड, गुरुग्राम शाखा, एससीओ नंबर 33, जेल रोड, [illegible] कॉम्प्लेक्स, [illegible] चौक के पास, गुरुग्राम - 122001. फोन नंबर 0124-2301001, सेल नंबर 8095482308, 8925983650. |


**निविदा-सह-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:**

(1) [illegible] (2) इच्छुक बोलीदाता [illegible] सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड, गुरुग्राम शाखा, एससीओ नं. 33, जेल रोड, [illegible] चौक के पास, गुरुग्राम - 122001 से प्राप्त कर सकते हैं। (3) [illegible] आरक्षित मूल्य के 10% की ई.एम.डी. के लिए "सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड" के पक्ष में [illegible] निविदा-सह-नीलामी बिक्री की तिथि को दोपहर 12.00 बजे तक जमा करानी होगी। (4) संपत्ति के निरीक्षण और अन्य विवरणों के लिए, इच्छुक क्रेता दूरभाष नंबर 0124-2301001, सेल नंबर 8095482308, 8925983650 पर संपर्क कर सकते हैं। (5) संपत्ति/संपत्तियां "जहां है जैसे है", "जो है यहीं है" और "जो कुछ भी है यहीं है" के आधार पर बेची जाएंगी। (6) [illegible] निविदा-सह-नीलामी बिक्री की तिथि को दोपहर 01.00 बजे खोली जाएंगी। [illegible] (7) सफल बोलीदाता को बिक्री पूरी होने पर बिक्री राशि का 25% (भुगतान की गई ई.एम.डी. सहित) तुरंत भुगतान करना होगा और शेष 75% राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर भुगतान करनी होगी, [illegible] 25% [illegible] (8) [illegible] (9) [illegible] (10) [illegible] (11) [illegible]

स्थान: कुंभकोणम, दिनांक: 09-01-2026 — प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालय: 149, टी.एस.आर. (बिग) स्ट्रीट, कुंभकोणम, तंजावुर जिला, तमिलनाडु - 612 001, CIN - L65110TN1904PLC001287, दूरभाष नंबर: 0435-2402322, फैक्स: 0435-2431746, वेबसाइट: www.cityunionbank.com







| | | | |
|---|---|---|---|
| General Candidates | Unmarried | 10+2 (Physics, Chem, Bio & English) | Born between 01 Jan 2006 and 01 Jan 2010 (both dates inclusive) may apply |
| Pharmacist Candidates | Unmarried | BSC (Pharmacy)/Diploma in Pharmacy | Born between 01 Jan 2003 and 01 Jan 2008 (both dates inclusive) may apply |
| | Married | | Born between 01 Jan 2003 and 01 Jan 2006 (both dates inclusive) may apply |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: cci Time: 01-11-2026 22:28 Color:



एक समय था जब मोहम्मद सिराज 2022-23 में वनडे फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 बोलर थे। अगर उन्हें दोबारा से लगातार मौके दिए जाएंगे तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह फिर से नंबर वन बोलर की पोजिशन हासिल कर सकते हैं। -इरफान पठान, पूर्व पेसर, भारत



**104.70**

के स्ट्राइक रेट से 13* मैचों में 623 रन बनाए हैं भारत के शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ODI मैचों में। यह दोनों देशों के बीच इस फॉर्मेट में कम से कम 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सर्वाधिक स्ट्राइक रेट है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. टेनिस प्लेयर आरिना सबालेंका ने अपने करियर में कुल कितनी WTA ट्रॉफी जीती हैं?
   A) 25 B) 18 C) 27 D)22
2. आन से यंग किस देश की जानी-मानी बैडमिंटन प्लेयर हैं?
   A) जापान B) साउथ कोरिया C) मलेशिया D) थाईलैंड

**कल के जवाब**
1. B) माइकल ब्रेसवेल 2. D) जवागल श्रीनाथ

**लकी WINNER**

1. शेखर सिंघानिया गाजियाबाद, यूपी
2. राजेश्वर शर्मा विकास पुरी, दिल्ली
3. खालिद नसीम कल्याणपुर, लखनऊ

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### यंग ने जीता खिताब

■ **कुआलालंपुर:** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी साउथ कोरिया की आन से-यंग ने चीन की वान झीयी को 21-15, 24-22 से हराकर विमिंस सिंगल्स में लगातार तीसरा मलेशिया ओपन खिताब अपने नाम किया। मेंस सिंगल्स में थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न ने फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शी यूकी के चोट के कारण मैच से हटने के बाद खिताब अपने नाम किया।

### दूसरे पर रहे मोर्तारा

■ **मेक्सिको सिटी:** एडुआर्डो मोर्तारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में रविवार को यहां दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला-ई सीजन का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके।

कोहली ने खेली 93 रन की पारी जिससे भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड पर दर्ज की 4 विकेट से जीत

# नए साल में भी 'विराट शो' जारी


अपनी पारी के दौरान विराट कोहली

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** भारतीय टीम 22 दिन के ब्रेक के बाद मैदान पर थी। ब्रेक से पहले पिछले साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में विराट कोहली ने दो शतक लगाए थे। ब्रेक के बाद नए साल में भी विराट उसी लय में नजर आए, हालांकि वह शतक से महज सात रन से चूक गए लेकिन एक बार फिर टीम इंडिया की जीत के नायक जरूर बने। उन्होंने वडोदरा के नए मैदान पर 93 रन की आक्रामक पारी खेली जिसकी बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में चार विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली।

न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (84), हेनरी निकोल्स (62) और डेवोन कॉन्वे (56) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 300 रन बनाए। इससे पहले सिर्फ एक बार ही साल 2011 में बेंगलुरु में खेले गए वनडे में भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ 300 प्लस के टारगेट को हासिल कर पाया था। यानी चुनौती मुश्किल थी लेकिन टॉप फॉर्म में चल रहे विराट और चोट के बाद वापसी कर रहे कप्तान शुभमन गिल व श्रेयस ने अपनी शानदार पारियों से इसे आसान बना दिया। विराट ने 44 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। पिछले पांच वनडे मैचों में यह उनकी पांचवीं फिफ्टी प्लस पारी थी। चोट से वापसी कर रहे शुभमन ने 71 गेंद पर 56 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली, वहीं श्रेयस ने 47 गेंद पर आक्रामक 49 रन बनाए जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। विराट-गिल के बीच 118 रन की और विराट-श्रेयस के बीच 77 रन की साझेदारी हुई। इन तीनों के आउट होने के बाद भारत ने फटाफट कुछ और विकेट गंवा दिए, जिससे भारतीय खेमे में हलचल बढ़ गई। लेकिन केएल राहुल (नॉट आउट 29 रन) और हर्षित राणा (29) ने आखिरी में 37 रन की अहम साझेदारी करके टीम की जीत पक्की कर दी। राहुल ने लगातार दो चौके और एक छक्का लगाकर भारत को छह गेंद शेष रहते 306 के टोटल तक पहुंचा दिया।

**गिल ने की सतर्क शुरुआत:** लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने रोहित शर्मा (26) का विकेट जल्दी गंवा दिया। लेकिन फिर कप्तान शुभमन और विराट ने पारी को संभाला। विराट पूरे अटैकिंग मोड में नजर आए। वह क्रीज पर आते ही 20 गेंद पर छह चौकों की मदद से 27 रन पर पहुंच गए। गिल ने सतर्क शुरुआत की। उन्होंने 27 गेंद पर 13 रन बनाए, लेकिन अंदाज जमने के बाद उन्होंने भी पारी तेज की और 46 गेंद पर 36 रन पर पहुंच गए।

**मिचेल ने संभाला एक छोर:** विराट और रोहित के बाद वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज डेरिल मिचेल दबाव में खरे उतरे जिससे न्यूजीलैंड की टीम मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बावजूद उबरने में सफल रही। कॉन्वे और निकोल्स ने आदर्श शुरुआत कराई लेकिन न्यूजीलैंड का मध्य क्रम इसका फायदा उठाने में विफल रहा। इसके बाद मिचेल ने 71 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के लगाए।

### यहां भी सबसे तेज विराट

भारतीय बल्लेबाजी के दिग्गज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 28,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बनने का रेकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। सर्वाधिक इंटरनैशनल रन के मामले में अब उनसे आगे केवल सचिन तेंडुलकर हैं। विराट ने अपनी 624वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर आदित्य अशोक की गेंद पर चौका जड़कर पूरी की। तेंडुलकर ने 644वीं पारी में यह आंकड़ा छुआ था, जबकि श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा, जो 28,000 रन क्लब में शामिल तीसरे खिलाड़ी हैं, ने 666वीं पारी में यह कारनामा किया था। 37 वर्षीय विराट इस मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 27,975 रन बनाकर उतरे थे। तेंडुलकर ने 782 पारियों में 34,357 रन बनाए हैं, जबकि संगकारा ने 666 पारियों में 28,016 रन बनाए। फरवरी 2023 में कोहली 25,000 रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने थे, जब उन्होंने 549 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। अक्टूबर 2023 में विराट ने 26,000 रन का आंकड़ा भी सबसे तेजी से पार किया। सितंबर 2024 में उन्होंने अपनी 594वीं पारी में 27,000 रन पूरे किए थे।

**16** फिफ्टी प्लस पारियां खेली हैं विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में। ये सर्वाधिक है। सचिन तेंडुलकर (13) लिस्ट में दूसरे स्थान पर है

**100** प्लस की पार्टनरशिप की न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने जोकि 27 सालों में भारत में भारत के खिलाफ वनडे मैच में पहले विकेट के लिए उनकी सेंचुरी पार्टनरशिप है

**इंटरनैशनल क्रिकेट में सर्वाधिक रन**

| रन | प्लेयर |
| --- | --- |
| 34357 | सचिन तेंडुलकर |
| 28068 | विराट कोहली |
| 28016 | कुमार संगकारा |
| 27483 | रिकी पोंटिंग |
| 25957 | महेला जयवर्धने |
| 25534 | जाक कालिस |
| 24208 | राहुल द्रविड़ |
| 22358 | ब्रायन लारा |

### स्कोरकार्ड

**न्यूजीलैंड:** डेवोन कॉन्वे बो राणा 56, हेनरी निकोल्स कॉ राहुल बो राणा 62, विल यंग कॉ राहुल बो सिराज 12, डेरिल मिचेल एलबीडब्ल्यू बो प्रसिद्ध कृष्णा 84, ग्लेन फिलिप्स कॉ श्रेयस बो कुलदीप 12, मिचेल हे बो कृष्णा 18, माइकल ब्रेसवेल रन आउट 16, जाक फोक्स बो सिराज 1, क्रिस्टियन क्लार्क नॉट आउट 24, काइल जेमीसन नॉट आउट 8 **एक्स्ट्राज:** 7 **टोटल:** 50 ओवर में आठ विकेट पर 300 रन **विकेट:** 1-117, 2-126, 3-146, 4-170, 5-198, 6-237, 7-239, 8-281 **बोलिंग:** मोहम्मद सिराज 8-0-40-2, हर्षित राणा 10-0-65-2, वॉशिंगटन सुंदर 5-0-27-0, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-60-2, कुलदीप यादव 9-0-52-1, रविंद्र जाडेजा 9-0-56-0

**भारत:** रोहित शर्मा कॉ ब्रेसवेल बो जेमीसन 26, शुभमन गिल कॉ फिलिप्स बो अशोक 56, विराट कोहली कॉ ब्रेसवेल बो जेमीसन 93, श्रेयस अय्यर बो जेमीसन 49, रविंद्र जाडेजा कॉ क्लार्क बो जेमीसन 4, केएल राहुल नॉट आउट 29, हर्षित राणा कॉ हे बो क्लार्क 29, वॉशिंगटन सुंदर नॉट आउट 7 **एक्स्ट्राज:** 13 **टोटल:** 49 ओवर्स में छह विकेट पर 306 रन **विकेट:** 1-39, 2-157, 3-234, 4-239, 5-242, 6-279 **बोलिंग:** काइल जेमीसन 10-1-41-4, जाक फोक्स 10-0-49-0, आदित्य अशोक 6-0-55-1, क्रिस्टियन क्लार्क 10-0-73-1, माइकल ब्रेसवेल 8-0-56-0, ग्लेन फिलिप्स 4-0-21-0, डेरिल मिचेल 1-0-7-0

## कलिंगा लांसर्स जीत के साथ टॉप पोजिशन पर


लांसर्स ने शूटआउट में HIL-GC को 3-1 से दी शिकस्त

हॉकी इंडिया लीग

■ **एजेंसियां, रांची:** वेदांता कलिंगा लांसर्स ने मेंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) में रविवार को HIL-GC को कड़ी टक्कर के बाद शिकस्त दी। निर्धारित समय में मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद शूटआउट में लांसर्स ने 3-1 से जीत दर्ज की। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में निर्धारित समय में वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए अजीत यादव (19वें मिनट), जबकि HIL-GC के लिए अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (23वें मिनट) ने गोल किए। खास बात यह रही कि पूरे मैच में लांसर्स ने एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाया। इस जीत के साथ लांसर्स अंक तालिका में टॉप पोजिशन पर पहुंच गई।

दूसरे क्वॉर्टर में HIL-GC ने अजीत यादव के गोल की बदौलत अपने पहले ही शॉट को गोल में बदलकर बढ़त बना ली। लांसर्स ने तुरंत जवाब देने की कोशिश की और कुछ ही मिनटों में गोल पर दो शॉट और छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। अंततः अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने हाफ टाइम तक बराबरी का गोल दागा। अंतिम क्वॉर्टर में दोनों टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगाती रहीं लेकिन कोई भी टीम कामयाब नहीं रही।

शूटआउट बेहद रोमांचक रहा जहां दोनों गोलकीपरों ने शानदार प्रदर्शन किया। अपनी-अपनी पहली कोशिश में गोल खाने के बाद जेम्स माजरेलो और नेड स्नोडेन ने अगले दो शूटों को रोक दिया। लांसर्स के लिए आर्थर वान डोरेन ने संयम दिखाते हुए गोल किया, जबकि HIL-GC के अजीत यादव चूक गए। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने निर्णायक गोल दागकर लांसर्स के लिए जीत पक्की कर दी।

## पहले वनडे में बांग्लादेश के अंपायर ने भी निभाई ड्यूटी


बांग्लादेश वेन्यू विवाद
शरफुद्दौला इब्ने थे टीवी अंपायर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) और टी20 विश्व कप विवाद के बीच एक नया घटनाक्रम सामने आया है, जिसने कई लोगों की भौंहें चढ़ा दी हैं। वडोदरा में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले वनडे के दौरान बांग्लादेश के अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद सैकत भी अंपायरिंग पैनल में शामिल थे। मैच में बांग्लादेश के शरफुद्दौला बतौर टीवी अंपायर मौजूद थे। वह ICC द्वारा नियुक्त अधिकारी हैं और बिना किसी रुकावट या परेशानी के अपना काम कर रहे हैं।

यह सब ऐसे समय में हुआ है, जब BCB आगामी टी20 वर्ल्ड कप में सुरक्षा का हवाला देकर अपनी टीम के मैचों को भारत से बाहर कराने का आग्रह ICC से कर रहा है। जहां तक टी20 वर्ल्ड कप की बात है, शरफुद्दौला के अलावा बांग्लादेश के गाजी सोहेल भी टूर्नामेंट के दौरान अंपायरिंग टीम का हिस्सा होंगे।

## डोनाल्ड को है भरोसा- विराट ज़रूर खेलेंगे वर्ल्ड कप में

एक्सपर्ट की राय


एलन डोनाल्ड

■ **एजेंसियां, केपटाउन:** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया, लेकिन उनका कहना है कि इस भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने आईपीएल 2014-15 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बोलिंग कोच रहते हुए कोहली के साथ काम किया है।

उन्होंने कोहली के वर्क इथिक्स पर जोर देते हुए कहा, 'आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जैसी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन हैं। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह हैं। मुझे वाकई टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन संदेह नहीं कि हम उन्हें वनडे क्रिकेट और वर्ल्ड कप में खेलते हुए देखेंगे।'

मुंबई मैराथन

## इस बार कई एलीट रनर्स करेंगे शिरकत

■ **एजेंसियां, मुंबई:** पिछले चरण के उप विजेता मेरहावी केसेटे (पुरुष वर्ग) और इथियोपिया की मेदिना डेमे आर्मिनो (महिला वर्ग) सहित एलीट ऐथलीट 18 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे जो वर्ल्ड ऐथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है। केसेटे पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे। वह इस साल प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे। उनके अलावा युगांडा से 2023 वर्ल्ड चैंपियन विक्टर किपलांगट, साउथ अफ्रीका के स्टीफन मोकोका और इथियोपिया के बाजेन्यू अस्मारे व टाडू अबाटे डेमे भी हिस्सा लेंगे। पहले तीन स्थान पर रहने वाले प्लेयर्स को क्रमशः 50000, 25000 और 15000 डॉलर की इनामी राशि दी जाएगी।

## सोफी, नंदिनी ने दिखाया दम


सोफी डिवाइन


विमिंस प्रीमियर लीग 2026

■ **एजेंसियां, नवी मुंबई:** सोफी डिवाइन की विस्फोटक 95 रन की पारी से गुजरात जायंट्स ने बड़ा स्कोर खड़ा किया, लेकिन नंदिनी शर्मा की पहली हैट्रिक और कुल पांच विकेट की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने विमिंस प्रीमियर लीग मुकाबले में रविवार को जायंट्स को 209 रन पर समेट दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की ओपनर सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में सात चौके और आठ छक्कों की मदद से तूफानी पारी खेली। न्यूजीलैंड की इस बैटर ने महज 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। डिवाइन 11वें ओवर में नंदिनी की गेंद पर आउट हुईं। कप्तान एशले गार्डनर ने 26 गेंदों में 49 रन की तेज पारी खेलकर गुजरात को 200 रन के पार पहुंचाया। इसके बाद नंदिनी शर्मा ने यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगाई। उन्होंने अंतिम ओवर में चार विकेट झटके।

## सबालेंका, मेदवेदेव का खिताब पर कब्ज़ा

टेनिस राउंड अप


डेनियल मेदवेदेव


आरिना सबालेंका

■ **एजेंसियां ब्रिस्बेन:** दुनिया की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी आरिना सबालेंका ने मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार ब्रिस्बेन इंटरनैशनल का खिताब अपने नाम किया जो उनकी कुल मिलाकर 22वीं ट्रॉफी है। वहीं, पुरुष सिंगल्स में रूस के डेनियल मेदवेदेव ने प्रतिद्वंद्वी ब्रैंडन नाकाशिमा को शिकस्त देकर इस ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

बेलारूस की आरिना ने सिर्फ एक घंटे 17 मिनट में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, मेंस सिंगल्स के फाइनल में डेनियल मेदवेदेव ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को सीधे सेटों में 6-2 7-6 से हराकर खिताब जीत लिया।

### स्वितोलिना ने ऑकलैंड में ट्रॉफी की अपने नाम

**वेलिंगटन:** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने ऑकलैंड में खेले गए एएसबी क्लासिक में जीत के साथ करियर का 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने फाइनल में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिनयू को 6-3, 7-6 से हराया। यह 13वीं रैंकिंग की स्वितोलिना का 24 फाइनल मुकाबलों में 19वां खिताब रहा।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। दोपहर में किसी कारण आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। दिनभर आलस का माहौल रहेगा। आपकी परेशानी का कारण छोटी-मोटी टेंशन है। शाम को घर में अधिक समय बिताने से आपको अच्छा लगेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज दिनभर आपका शेड्यूल काफी बिजी रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रोफेशनल मामलों में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। इन्वेस्टमेंट के मामलों में आज जोखिम उठाया जा सकता है। आज के समय का लाभ उठाएं।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन एक्साइटमेंट से भरा है। दोपहर तक कोई टेलीफोन कॉल के जरिए किसी खास मामले में जानकारी दे सकता है। स्टूडेंट अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाए तो फायदा मिलेगा। बिजनेसमैन अपने काम में नई तकनीकें अपना सकते हैं। जो भी कदम उठाएंगे, उसमें लाभ होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन आपके लिए स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरीके पर काम करना काफी रहेगा। फिजूल की टेंशन में अपना समय बर्बाद न करें। आज कोई रिस्क वाला काम न करें। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। आपको आज नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या फिर दिमाग में कोई नया आइडिया हो तो तुरंत किसी अपने के साथ साझा करें। रिश्तेदारों से अनबन दूर करने का समय है। दोस्तों के साथ रहने से फायदा हो सकता है। किसी कारण घरवालों से कहासुनी होगी। सावधान रहें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपका दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। सोच-समझकर उठाए गए कदम का फायदा होगा और इससे खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी मदद करने वाले भी आएंगे। ईमानदारी से जो काम करेंगे वह फलदायक रहेगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आपको दिन के पहले हिस्से में फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेन-देन और बिजनेस में खतरा हो सकता है। समय से दिया हुआ धन आज फंसेगा। हेल्थ पर ध्यान भी देने की जरूरत है, अन्यथा आगे चलकर स्वास्थ्य संबंधी कष्ट होंगे। रोमांस के मामले में आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपको दिन के पहले हिस्से में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। आलस्य को त्यागें। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने-फिरने के मौके जब भी आते हैं, आप हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसा ही मौका आज शाम भी है। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे और अच्छे लोगों से मुलाकात भी होगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपका टाइम अच्छा है। इसका पूरा फायदा उठाएं। भविष्य से जुड़ी किसी योजना की नींव डाल सकते हैं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने-फिरने से कोई जरूरी काम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपकी किसी से अनबन न हो इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनेस में मुनाफे की आशा रहेगी और सर्वोच्च जिंदगी में भी कामयाबी हासिल होगी। दिनभर काम करने लायक बहुत से काम है लेकिन किसे करना है और किसे नहीं यह आपको सोचना है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है। आज के दिन अपने टैलेंट के लिए थोड़ा खर्चा रखें अपनी जेब का ख्याल रखें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आहिस्ता-आहिस्ता आगे बढ़ने से ही फायदा होगा। अगर आप यूं ही अपनी कोशिशें जारी रखेंगे तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। स्वयं को भूलकर अपने काम में जुट जाएं, शायद यह स्वार्थ का आखिरी दौर होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय गुजारें। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अचानक खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

## क्या कहते हैं आपके नंबर

(12 जनवरी - 18 जनवरी 2026)


आचार्य नंदिता पांडे



**मूलांक 1**
(जन्म तिथि 1, 10, 19, 28)
इस सप्ताह आपके कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं आप अपने भविष्य के बारे में प्लानिंग कर कुछ ठोस निर्णय ले सकते हैं। इस सप्ताह आपको सफलता हासिल होगी और उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आर्थिक मामलों में भी सफलता के संयोग बन रहे हैं एवं अपने घर-परिवार में ही कुछ रेनोवेशन आदि आप करवा सकते हैं। प्रेम संबंध में संघर्ष करना पड़ेगा। सप्ताह के अंत में किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मूलांक 2**
(जन्म तिथि 2, 11, 20, 29)
इस सप्ताह आपकी कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी और आपको अपने प्रोजेक्ट को सफल बनाने के कई अवसर मिलते जाएंगे। आर्थिक मामलों में साधारण स्थितियां रहेंगी एवं अपने निवेशों पर कंट्रोल करके रहेंगे तो अधिक धन प्राप्ति होगी। इस सप्ताह प्रेम संबंध में आपसी मतभेद बढ़ेंगे और आपका मन बेचैन रहेगा। सप्ताह के अंत जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने के कई अवसर आपको प्राप्त होंगे।

**मूलांक 3**
(जन्म तिथि 3, 12, 21, 30)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं धीरे-धीरे सफलता मिलेगी। इस सप्ताह प्रोजेक्ट द्वारा सुख-समृद्धि के संयोग बनते जाएंगे, लेकिन लाभ मिलने में थोड़ा समय लगेगा। आर्थिक मामलों में व्यय अधिक हो सकते हैं। अगर आप संयम के साथ निर्णय लेंगे तो आप जीवन में सुखी रहेंगे और धन लाभ भी रहेगा। प्रेम संबंध में अचानक से सुधार आएंगे एवं मन प्रसन्न रहेगा। सप्ताह के अंत में किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मूलांक 4**
(जन्म तिथि 4, 13, 22, 31)
आर्थिक मामलों के लिए यह सप्ताह शुभ सप्ताह है एवं धन लाभ की प्रबल स्थितियां बनती जा रही हैं। इस सप्ताह किसी नए निवेश से धन प्राप्ति हो सकती है। प्रेम संबंध में आपसी प्रेम बेहतर तभी होगा जब आप अपनी राय खुल कर सामने रखेंगे। कार्यक्षेत्र में साझेदारी में किए गए कार्य द्वारा कष्ट उत्पन्न हो सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में समय अनुकूल होता जाएगा एवं आप अपने जीवन में जोश से भरे रहेंगे।

**मूलांक 5**
(जन्म तिथि 5, 14, 23)
इस सप्ताह आपकी लव लाइफ में सुंदर संयोग बनेंगे एवं समय रोमांटिक बीतेगा। बच्चों से संबंधित सुखद समाचार भी आपको इस सप्ताह प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में एक बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ किसी भी निर्णय पर पहुंचेंगे तो जीवन में सुखी रहेंगे। आर्थिक मामलों में व्यय अधिक हो सकता है एवं आपको इस पूरे सप्ताह अपने निवेशों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मूलांक 6**
(जन्म तिथि 6, 15, 24)
इस सप्ताह आपको रचनात्मक कार्यों द्वारा सफलता हासिल होगी एवं मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंध में समय अनुकूल रहेगा एवं लव लाइफ को रोमांटिक बनाने में आपको किसी की मदद भी मिल सकती है। सप्ताह के अंत में किसी अपने से मिलने अस्पताल जाना पड़ सकता है।

**मूलांक 7**
(जन्म तिथि 7, 16, 25)
प्रेम संबंध में आपसी प्रेम सुदृढ़ होता जाएगा एवं लव लाइफ में आपको अपने साथी द्वारा काफी अटेंशन मिलेगी। कार्यक्षेत्र में साझेदारी द्वारा सफलता हासिल होगी एवं रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। आर्थिक मामलों में अपनी सोच पर अडिग रहेंगे तो जीवन में सुखी रहेंगे। सप्ताह के अंत में समय अनुकूल होता जाएगा।

**मूलांक 8**
(जन्म तिथि 8, 17, 26)
कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं सुख समृद्धि के शुभ संयोग बनते जाएंगे। एक नई शुरुआत आपके जीवन में सुखद परिणाम लेकर आएगी। आर्थिक दृष्टिकोण से भी समय अनुकूल रहेगा। प्रेम संबंध में सुखद समाचार प्राप्त होगा एवं मन प्रसन्न रहेगा।

**मूलांक 9**
(जन्म तिथि 9, 18, 27)
कार्यक्षेत्र में एक नई शुरुआत आपके जीवन में सुकून लेकर आएगी एवं प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग में आगे बढ़ेंगे। आर्थिक मामलों में समय धीरे-धीरे अनुकूल होता जाएगा एवं धन लाभ के मौके बनते जाएंगे। इस सप्ताह प्रेम संबंध में रोमांस की भी एंट्री होगी। सप्ताह के अंत में अगर लापरवाही नहीं बरती तो जीवन में सुकून प्राप्त होगा एवं सुख-समृद्धि प्राप्त करेंगे।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष रजत पाद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी बृहस्पति जनवरी तक जहां आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। वहीं, फरवरी के महीने में आपको बौद्धिक प्रयासों में भी आशातीत सफलता प्राप्त होगी। मार्च-अप्रैल में कुछ जातकों को अनिश्चित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। मई-जून में दूर व नजदीक की धार्मिक यात्रा का योग बनेगा। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी। जुलाई-अगस्त में मंगल ग्रह आपके कर्म क्षेत्र और व्यय पर हावी रहेगा। सितंबर में नए व्यापारिक कार्यों का आयोजन होगा। अक्टूबर अंत तक अधिकतम जातकों का भाग्य उदय अपने बुद्धि बल और पुरुषार्थ से होगा। विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष प्रतियोगिताओं में सफलता कारक रहेगा। नवंबर-दिसंबर में अविवाहितों के विवाह होंगे। विशेष परिणामों के लिए हनुमान जी की पूजा व मंगलवार का व्रत हितकारी सिद्ध होगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (मंगलवार, 13 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 24, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, दशमी, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 30, रजब 23, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 13 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक। दशमी तिथि अपराह्न 3 बजकर 18 मिनट तक उपरांत एकादशी तिथि का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-मकर में गुरु, बुध दिवस।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 4 | 6 | 2 | | 8 | 9 | | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | | | | 5 | 7 | 4 | | |
| | 4 | 5 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 9 | | |
| 9 | | | | | | 7 | 8 | |
| | | 1 | 7 | 2 | | | | |
| 7 | | | | | | 1 | | |
| | | | 3 | 9 | | 8 | 4 | 7 |

### TELEVISION


big magic


- 09:00 बबलू डबलू
- 10:00 [illegible]
- 11:00 रुद्र के रक्षक
- 11:30 अलादीन
- 12:00 [illegible] कृष्णा
- 13:30 [illegible]
- 14:00 हम पांच
- 15:00 अजब देश की गजब कहानी
- 16:30 प्यार मोहब्बत [illegible]
- 18:30 रुद्र के रक्षक
- 21:00 वीरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: cci Time: 01-11-2026 21:01 Color:




# AI के ताज़ा अपडेट्स

## वट्सऐप पर बनाएं स्टिकर


AI Image


मेटा ने वट्सऐप पर AI से स्टिकर बनाने का फीचर शुरू किया है। लेटेस्ट वर्जन के वट्सऐप में किसी भी चैट को खोलें और मैसेज बॉक्स के पास इमोजी आइकन पर टैप करें। यहां स्टिकर टैब में AI स्टिकर के लिए क्रिएट या प्लस का ऑप्शन मिलेगा।

## AI पर रिपोर्ट चेक करने वाले बढ़े


AI Image

OpenAI ने एक स्टडी में बताया कि 4 में से एक यूजर हर हफ्ते हेल्थ से जुड़े सवाल पूछ रहा या रिपोर्ट के बारे में जानकारी मांग रहा है। 55% लोग बीमारी के सिम्पटम्स चेक करने और 40% से ज्यादा ट्रीटमेंट ऑप्शन्स जानने के लिए ChatGPT का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## Gmail में गूगल का बड़ा अपडेट


AI Image

गूगल Gmail में Gemini पावर्ड AI फीचर्स का एक बड़ा सेट रोल आउट कर रहा है। Google ने AI पावर्ड इनबॉक्स भी पेश किया है, जहां यूजर्स को अपने प्रायोरिटी ईमेल और To-Do लिस्ट अपने आप दिखेंगी। कुछ AI फीचर्स फ्री यूजर्स को भी मिलेंगे।

## पूछें AI से जुड़ा कोई भी सवाल, हमारे एक्सपर्ट देंगे जवाब


AI Image

**AI से परफेक्ट लुक वाली प्रोफाइल पिक कैसे बनाएं?- बृज मोहन, दिल्ली**

**जवाब:** ChatGPT, Meta AI या Gemini ऐप पर तस्वीर अपलोड करें। तस्वीर अगर प्रोफेशनल लुक में चाहिए तो लिखें, 'इस इमेज को प्रोफेशनल लुक में बदल दें'। बेस्ट रिजल्ट Meta AI ऐप या ChatGPT पर मिल सकता है।

अगर आप भी AI से जुड़ी किसी जानकारी या सवाल का जवाब चाहते हैं, तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर ईमेल करें। हमारे एक्सपर्ट आपके सवालों के जवाब देंगे। ईमेल के सब्जेक्ट में AI जरूर लिखें।

# टेक्नॉलजी के सबसे बड़े शो CES 2026 में दिखे लाइफ बदलने वाले प्रॉडक्ट

**हर साल टेक्नॉलजी की दुनिया का सबसे बड़ा मंच कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (CES) यह झलक देता है कि आने वाला कल कैसा होने वाला है। 9 जनवरी तक चले CES 2026 में इस बार 150 से ज्यादा देशों की कंपनियों और स्टार्टअप्स ने करीब 14 हजार ऐसे प्रॉडक्ट्स पेश किए, जो सिर्फ दिखने में फ्यूचरिस्टिक नहीं थे, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी को आसान, सुरक्षित और स्मार्ट बनाने का दावा कर रहे हैं। CES 2026 में दिखाए गए ऐसे ही 10 खास प्रॉडक्ट्स पर प्रदीप तिवारी की रिपोर्ट:**

## 20 सेकंड करें ब्रश AI बता देगा बीमारियां




### ब्रश करते ही बीमारियां पता चलेंगी



ब्रश करना रोज का काम है, लेकिन अगर उसी समय हेल्थ से जुड़े संकेत भी मिल जाएं तो? Y-Brush नाम की ओरल केयर स्टार्टअप ने अपना Halo स्मार्ट टूथब्रश दिखाया है, जो AI के साथ हेल्थ मॉनिटर जैसा काम करने का दावा करता है। इस ब्रश के हेड में गैस सेंसर लगे हैं, जो सांस में मौजूद कंपाउंड्स को देखकर 300 से ज्यादा बीमारियों के संकेत पकड़ सकता है। कंपनी ने लॉन्च डेट या कीमत के बारे में अभी नहीं बताया है।

### सिर्फ 2 मिनट में हो सकेगी खाने की जांच



खाने से एलर्जी वाले लोगों के लिए बाहर खाना हमेशा चिंता का कारण होता है। Allergen Alert नाम की डिवाइस पॉकेट साइज लैब है, जिसे CES 2026 में दिखाया गया। इस डिवाइस में खाने का छोटा सा सैंपल डालकर कुछ मिनट में पता चल जाता है कि उसमें ग्लूटेन या डेयरी है या नहीं। फिलहाल यह दो एलर्जन ही पहचानती है, लेकिन आगे और विकल्प जोड़े जाएंगे। प्रोफेशनल शेफ और रेस्टोरेंट्स में इसका ट्रायल चल रहा है।

### स्मार्ट ओवन, कोई बटन या टच पैड नहीं



Apecoo कंपनी के AISO स्मार्ट ओवन ने इस बार सबका ध्यान खींचा। यह ओवन दिखने में छोटा है, लेकिन इसके अंदर लगा कैमरा और वेट सेंसर टेक्नॉलजी इसे खास बनाती है। AISO ओवन में खाना डालते ही यह खुद समझ लेता है कि अंदर क्या रखा गया है, उसका साइज क्या है और वजन कितना है। इसके आधार पर यह तय करता है कि खाना कितनी देर और किस तापमान पर पकाना सही रहेगा। अभी बिक्री के लिए नहीं है।

### नेकलेस, जो समझेगा आपका मूड



Nirva नाम की कंपनी ने CES 2026 में एक ऐसा AI नेकलेस और ब्रेसलेट पेश किया है, जो आपके मूड और आदतों को समझने की कोशिश करता है। Nirva ज्वैलरी दिनभर आपकी आवाज और व्यवहार से संकेत लेती है और ऐप के जरिए आपकी मानसिक स्थिति, तनाव और दिनचर्या की जानकारी देती है। यह डिवाइस दो दिन तक बिना चार्ज के चल सकता है। कीमत करीब 4200 रुपये तक होगी।

### हवा में हो सकेंगे मोबाइल चार्ज


वायरलेस चार्जिंग तो अभी भी है, इसमें नई बात क्या? तो नई बात ये है कि आने वाले दिनों में वायरलेस चार्जिंग का मतलब मोबाइल जेब में रखे रहने या हाथ में लिए होने तब भी चार्ज हो सकेगा। फिनलैंड की डीप-टेक स्टार्टअप कंपनी Willo ने CES 2026 में ऐसी तकनीक दिखाई है, जो भविष्य में चार्जिंग के लिए तार का कॉन्सेप्ट ही खत्म कर देगी। Willo की वायरलेस पावर टेक्नॉलजी की खास बात यह है कि इसमें किसी चार्जिंग पैड, सही एंगल या फोन को बिल्कुल पास रखने की जरूरत नहीं होती। जैसे ही डिवाइस पावर सोर्स के करीब आता है, वह अपने आप चार्ज होने लगता है। जल्द ही यह चार्जर मार्केट में लॉन्च हो सकता है।

### पॉलिथीन को ईंट में बदल देगी यह डस्टबिन



घर में सबसे बड़ी रीसाइक्लिंग समस्या अक्सर प्लास्टिक की थैलियां होती हैं। CES 2026 में स्टार्टअप कंपनी Clear Drop ने इसी के लिए अपना सॉफ्ट प्लास्टिक कंपैक्टर (SPC) दिखाया है। यह एक डस्टबिन जैसा है। इसमें प्लास्टिक बैग, रैपर्स जैसी चीजें डालते जाएं और फिर एक बटन दबाते ही यह प्लास्टिक को गर्म करके दबाव से ईंट जैसी शेप में बना देता है। मार्केट में बिक्री के लिए इस डस्टबिन की कीमत अभी करीब 1.26 लाख रुपये में रखी गई है।

### पीरियड के दर्द में राहत देगी यह डिवाइस



पीरियड से जुड़ी तकलीफ को दूर करने के लिए OhmBody ने एक ऐसा वियरेबल डिवाइस पेश किया है, जो बिना दवा के पीरियड के दर्द और लक्षणों को कम करने में मदद करने का दावा करता है। यह कान के पास पहना जाने वाला डिवाइस है, जो नर्व स्टिमुलेशन के जरिए शरीर की कुछ नसों को टारगेट करता है। कंपनी का कहना है कि इससे शरीर रेस्टेड स्टेट में लौटने में मदद पाता है और पीरियड के दौरान होने वाली असहजता में राहत मिलती है। यह 52 हजार रुपये तक में लॉन्च हो सकता है।

### बच्चे की प्लानिंग आसान करेगी यह डिवाइस




Mira कंपनी ने फर्टिलिटी ट्रैकर नाम की एक डिवाइस दिखाई है, जो अंडे जैसी है और AI की मदद से हार्मोन लेवल का एनालिसिस करके यूजर को बेहतर फर्टिलिटी इनसाइट देने का दावा करती है। यूजर एक टेस्ट वैंड को यूरिन में डिप करता है, फिर उसे डिवाइस में लगाता है और डेटा ऐप में चला जाता है, जहां रिजल्ट और ट्रैकिंग दिखाई देती है। करीब 22,500 रुपये में यह डिवाइस जल्द मार्केट में आ सकती है।

### पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी यह डिवाइस




इटली की कंपनी Cosmo रोबॉटिक्स ने Bambini Kids नाम की एक रोबॉटिक डिवाइस दिखाई। इसे 2.5 से 7 साल की उम्र के उन बच्चों के लिए बनाया गया है जिनको जन्म से या दुर्घटना के कारण चलने में कठिनाई होती है। यह रोबॉटिक डिवाइस है जो खास तौर पर एड़ियों को इलेक्ट्रिक मोटर से चलाने में मदद करता है। बच्चे फिजियोथेरपी के जरिए इससे चलना सीख जाते हैं।

### बच्चों का यह स्मार्ट खिलौना पढ़ाएगा भी



CES 2026 में एक स्मार्ट खिलौना Fuzozo भी दिखाया गया। इसे Tuya Smart और Robopoet ने तैयार किया है। यह छोटा सा AI बेस्ड रोबॉट है जो बच्चों से बात कर सकता है और उनके साथ समय बिता सकता है। Fuzozo की सबसे खास बात यह है कि इसे WiFi की जरूरत नहीं पड़ती है। अगर बच्चा उदास है या अकेलापन महसूस कर रहा है, तो Fuzozo मन बहला सकता है।


AI Image

# नींद को ट्रैक कर बता देंगे 130 बीमारियां: रिसर्च

Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अगर आप सोचते हैं कि नींद सिर्फ थकान मिटाने के लिए होती है, तो अब यह सोच बदलने का वक्त है। अमेरिका की स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक रिसर्च में पता चला है कि हमारी एक रात की नींद आने वाले कई वर्षों की सेहत की जानकारी दे सकती है। दिल की बीमारी, स्ट्रोक, डिमेंशिया (याददाश्त की बीमारी), किडनी फेल होना और यहां तक कि मौत का खतरा भी, इन सबका अंदाजा नींद के पैटर्न से लगाया जा सकता है। यह रिसर्च नेचर मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसमें वैज्ञानिकों ने एक खास AI मॉडल तैयार किया है, जिसका नाम है SleepFM। यह मॉडल इंसान की नींद के दौरान शरीर में होने वाली गतिविधियों को समझकर भविष्य में होने वाली 130 बीमारियों का अनुमान लगाता है।

### नींद में ऐसा क्या होता है, जो AI बता रहा?

जब हम सोते हैं, तब हमारा दिमाग, दिल, सांस और मांसपेशियां लगातार काम कर रही होती हैं। नींद के दौरान दिमाग की तरंगें बदलती हैं, दिल की धड़कन धीमी या तेज होती है, सांस लेने का तरीका बदलता है और शरीर पूरी तरह आराम की स्थिति में जाता है। डॉक्टर जिस जांच को 'स्लीप टेस्ट' कहते हैं, उसमें इन सभी संकेतों को रेकॉर्ड किया जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कई बार इन बीमारियों के लक्षण शरीर में बहुत पहले दिखने लगते हैं, लेकिन हम उन्हें समझ नहीं पाते। नींद उन शुरुआती संकेतों को पकड़ सकती है।

### मॉडल का रिजल्ट 75% तक रहा सटीक

AI मॉडल की भविष्यवाणी की सी-इंडेक्स पर सटीकता 0.75 से अधिक आई है, यानी करीब 75% मामलों में मॉडल ने सही जानकारी दी। हार्ट अटैक के मामलों में मॉडल ने 10 में से 8 अनुमान सही बताए। इसी तरह डिमेंशिया के 8.5, किडनी रोग के करीब 8, स्ट्रोक के 7.8 और ब्रेस्ट कैंसर के 10 में से करीब 9 अनुमान सही रहे। इस रिसर्च में करीब 65 हजार लोगों की नींद से जुड़ा डेटा इस्तेमाल किया गया। यह डेटा 5 लाख 85 हजार घंटों की नींद का था।

### डिमेंशिया और दिल की बीमारी में नींद का रोल

रिसर्च में पाया गया कि जिन लोगों की नींद बार-बार टूटती है, उनमें आगे चलकर दिमागी बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है। इसी तरह सांस से जुड़ी गड़बड़ियां और नींद में ऑक्सीजन की कमी दिल और फेफड़ों की बीमारियों से जुड़ी पाई गईं। इस मॉडल ने यह भी दिखाया कि अलग-अलग बीमारियों के लिए नींद के अलग संकेत अहम होते हैं। दिल की बीमारियों में दिल की धड़कन और सांस से जुड़े संकेत ज्यादा जरूरी होते हैं।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in